


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 194

ग्वालियर, सोमवार, 04 अप्रैल, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## अब कीव पर एक बार फिर से यूक्रेन का हो गया है कब्जा, कीव को मुर्दाघर बना निकले रूसी सैनिक, बुका की कब्रगाह में 280 शव

### कीव शहर की मात्र एक गली में मिलीं 20 लोगों की डेड बॉडीज

**नई दिल्ली।** यूक्रेन पर रूस के हमले का आज 39वां दिन है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हैअब कीव पर एक बार फिर से यूक्रेन का कब्जा हो गया । यूक्रेन की सेना रूसी आर्मी को कीव से बाहर निकालने के जब शहर में घुसी तो वहां के हालात रोंगटे खड़े कर देने वाले थे। कीव शहर की सड़कों पर लावारिस पड़ी हुई लाशें वहां हुई कत्लो गारद के निशां बता रही थीं। कीव शहर की मात्र एक गली में 20 लोगों की डेड बॉडीज मिली हैं। एएफपी ने बुका शहर के मेयर के हवाले से कहा है कि यहां एक सामूहिक कब्रगाह मिला है, जहां से 280 लोगों की लाशें मिली हैं। कीव, बुका से आ रही तस्वीरें मानवता को झकझोरने वाली हैं। यूक्रेन की सेना धीरे-धीरे, बड़ी सावधानी से कीव शहर में प्रवेश कर रही है। ऐसा लगता है जैसे कभी हसंता-खिलखिलाता कीव शहर खंडहर में तब्दील हो गया है। शहर की सड़कों पर लाशें हैं। यूक्रेन की सेना इन लाशों को हटाने में भी डर रही है। रिपोर्ट के अनुसार इन बॉडीज में विस्फोटक होने का खतरा है। इसलिए इन डेड बॉडीज को हटाने के लिए सेना तार का इस्तेमाल कर रही है। औंधे मुंह पड़ी बॉडीज, साइकिल के साथ मरे पड़े लोग, टूटी इमारतें, सड़कों पर बिखरा पड़ा मलबा...लगता ही नहीं है कि महज एक महीना पहले ये 21वीं सदी का एक चमचमाता शहर था।



यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने अपने रात के वीडियो संबोधन में चेतावनी दी थी कि कीव से वापस जा रहे रूसी सैनिक घरों, हथियारों और यहां तक कि मारे गए लोगों के शवों के आसपास बमों को लगाकर छोड़ गए हों, ताकि एक बार फिर विनाश को अंजाम दिया सके। कीव से आई तस्वीरों में सड़क पर लाशें हैं। तस्वीरों से लगता है कि इन्हें हाल में ही मारा गया है। यूक्रेन की सेना के सामने अब इन डेड बॉडीज को हटाने की चुनौती है। कीव शहर के बाहरी इलाके बुचा में स्थिति और भी बुरी है। यूक्रेनी सैनिकों ने बुका शहर में पॉजिशन संभाल ली है। रूसी सेना से इस क्षेत्र को वापस लेने के बाद होस्टोमेल में एंटोनोव हवाई अड्डे के एंट्री गेट पर यूक्रेन की सेना तैनात हो गई है। बुका के मेयर अनातोली फेडोरुक ने समाचार एजेंसी एएफपी को फोन पर बताया कि बुका में एक सामूहिक कब्रगाह मिला है, जहां पर 280 लोगों की लाशें मिली है। बुका में दूसरे इलाके में भी गलियों और सड़कों पर लाशें पड़ी है।बता दें कि कुछ घंटे पहले तक इस शहर में रूसी फौजों का कब्जा था। यूक्रेन का आरोप है कि बुका में रूसी सेना ने बिना वजह लोगों की हत्याएं की है। यूक्रेन के सैनिकों ने सुरक्षा की दृष्टि से शहर में कई जगह बैरिकेड्स लगा दिए हैं।

## महंगाई के मामले में धर्मनिरपेक्ष हैं पीएम नरेंद्र मोदी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और कई अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री महंगाई के मामले में धर्मनिरपेक्ष हैं, क्योंकि इसमें वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करते। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने यह आरोप भी लगाया कि हाल के दिनों में ईंधन और जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण जनता पर 1,25,407 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ा है। रणदीप सुरजेवाल ने कहा, %%इस देश में महंगाई अब इवेंट बन गई है। देश महंगे मोदी-वाद से पस्त और त्रस्त है। भाजपा की चुनावी जीत %लूट का लाइसेंस बन गई है। एक अप्रैल से जो महंगाई बढ़ाई गई, उससे जनता पर 1,25,407 करोड़ रुपये का बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा, %%देश के 62 करोड़ अन्नदाताओं पर कर का बोझ डाला गया है। सरकार किसानों से आंदोलन का बदला ले रही है।





## औवेसी के गढ़ पर कांग्रेस की नजर 4 अप्रैल को हैदराबाद जाएंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों में करारी शिकस्त के बाद कांग्रेस पार्टी ने 2023 चुनाव को लेकर राज्यों के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। इस बार कांग्रेस की नजर असदुद्दीन औवेसी के गढ़ हैदराबाद को फतह करने पर नजरें हैं। इसके लिए कांग्रेस पार्टी लंबे समय से प्रयास भी कर रही है। आगामी 4 अप्रैल को कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी तेलंगाना पहुंच रहे हैं। हाल के दिनों में कांग्रेस तेलंगाना नेताओं और राहुल गांधी के बीच इस तरह की यह दूसरी बैठक होगी। राहुल ने बुधवार को दिल्ली में अपने आवास पर राज्य के वरिष्ठ पार्टी नेताओं से भी मुलाकात की थी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस पार्टी का कहना है कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन औवेसी ने इन चुनाव में भाजपा की बी टीम के रूप में काम किया है। ऐसे में अब उनकी नजरें औवेसी के गढ़ हैदराबाद पर हैं। इसी कड़ी में चार अप्रैल को होने वाली बैठक में तेलंगाना कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी, सांसद उत्तम कुमार रेड्डी, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी समेत अन्य नेता मौजूद रहेंगे। तेलंगाना के एआईसीसी प्रभारी मनिकम टैगोर के भी बैठक में भाग लेने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस अपने सदस्यता अभियान की सफलता के लिए प्रयास कर रही है।



# पाकिस्तान पीएम इमरान ने दूसरी बार अविश्वास की चुनौती को पार किया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के सियासी भविष्य का फैसला लगभग हो चुका है। पाकिस्तान नेशनल असेंबली में स्पीकर ने खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। खास बात है कि कार्यकाल में खान ने दूसरी बार अविश्वास की चुनौती को पार किया है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, पाकिस्तान में पीएम को अविश्वास का सामना करना पड़ा हो। एक बार इतिहास पर नजर डालते हैं।

1989 में तत्कालीन पीएम भुट्टो के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। हालांकि, इस दौरान उन्होंने सांसदों का भरोसा जीतने में सफलता हासिल की थी। उस दौरान भुट्टो के खाते में 125 वोट आए थे। जबकि, उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले नवाज शरीफ को 107 मत ही मिल सके थे। 33 साल पहले सरकार कुल 12 वोटों से बची थी। वहीं बेनजीर भुट्टो के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल होने के करीब 17 साल बाद पाकिस्तान में एक और पीएम ने इस मुश्किल का सामना किया था। भुट्टो की तरह अजीज भी अविश्वास प्रस्ताव के बीच सरकार बचाने में सफल हुए थे। उन्हें उस दौरान 201 वोट मिले थे। जबकि, विपक्ष के खाते में 136 वोट आए थे। लेकिन इमरान को प्रस्ताव को लेकर वोटिंग का सामना नहीं करना पड़ा। डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी अनुच्छेद-5 के विपरीत बताकर प्रस्ताव को खारिज कर दिया। हालांकि, अभी भी विपक्ष के पास कुछ विकल्प खुले हैं, लेकिन मौजूदा स्थिति में खान ने अपनी सरकार बचा ली है। खास बात है कि पाकिस्तान में अभी तक कोई भी पीएम अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सका है। वहीं, अगर वोटिंग होती और खान मत गंवा देते, तब वे अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सरकार गंवाने वाले पहले पीएम होते।

एक ओर जहां विपक्ष 175 सांसदों का समर्थन होने का दावा कर रहे थे। वहीं, खान लगातार यह संकेत दे रहे थे कि उनके पास सरकार बचाने के एक से ज्यादा रास्ते हैं। उनका कहना है कि वह अंत तक इसका सामना करने वाले हैं।

### इमरान को कुर्सी से हटाने में नाकाम, विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी घमासान के बीच रविवार को संसद भंग कर दी गई है। अब यहां 90 दिनों के भीतर चुनाव होने हैं। रविवार को संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग होनी थी, लेकिन उससे पहले डिप्टी स्पीकर ने विदेशी साजिश का हवाला देकर अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया। अब विपक्ष मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। पाकिस्तान के चीफ जस्टिस ने मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल बेंच गठित की है। पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी का कहना है, कि इमरान ने संविधान की धज्जियां उड़ा दी हैं। जरदारी ने कहा, पूरे पाकिस्तान को पता है, कि विपक्ष की संख्या पूरी थी। रविवार को आखिरी मौके पर स्पीकर साहब ने असंवैधानिक काम किया। पाकिस्तान के संविधान को तोड़ने की कोशिश की गई।

## तमिलनाडु में दर्दनाक हादसा ट्रक के घाटी में गिरने से 11 लोगों की मौत





**तिरुपत्तूर।** तमिलनाडु के पर्वतीय तिरुपत्तूर जिले में 30 श्रद्धालुओं को लेकर जा रहे एक ट्रक के घाटी में गिर जाने से महिलाओं समेत 11 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका सरकारी जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जतायी है और मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये की राहत राशि की भी घोषणा की। यह घटना उस वक्त हुई जब पुलियूर गांव के करीब 30 श्रद्धालु जिले के पर्वतीय सम्बराई में स्थित मंदिर जा रहे थे। ट्रक चालक घाट रोड पर घुमावदार मोड़ से गुजरते वक्त वाहन से अपना नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण दुर्घटना हुई। अधिकारी ने बताया, 11 लोगों की मौत हुई है जिसमें छह महिलाएं और पांच लड़किया हैं। करीब 20 लोग घायल हुए हैं। मामले में जांच जारी है। स्टालिन ने श्रद्धालुओं की मौत पर दुख जताते हुए कहा, ...मैंने अधिकारियों को घायलों को इलाज में हर संभव मदद का आदेश दिया है। एक वीडियो में साफ दिख रहा है कि पानी की बोतल और चप्पलें घटनास्थल पर बिखरे पड़े हैं, जबकि घायल महिलाएं और बच्चे ट्रक से बहुत दूर जमीन पर पड़े हैं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## बीजेपी अहंकारी है आप को मौका दें अहमदाबाद में सरकार पर बरसे अरविंद केजरीवाल



**अहमदाबाद।** विधानसभा चुनाव से पहले गुजरात पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी को %अहंकारी% बताया है। साथ ही उन्होंने गुजरात के लोगों से आम आदमी पार्टी को एक मौका देने की अपील की। इस दौरान केजरवाल के साथ पंजाब के नए सीएम भगवंत मान भी मौजूद रहे। दोनों नेता शनिवार को आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। गुजरात में इस साल के अंत में चुनाव हो सकते हैं। केजरीवाल ने कहा, मैं यहां किसी पार्टी की आलोचना करने के लिए नहीं आया हूं। मैं यहां भाजपा को हराने नहीं आया हूं। मैं कांग्रेस को हराने नहीं आया हूं। मैं गुजरात को जिताने आया हूं। हमें गुजरात और गुजरातियों को विजय बनाना है। हमें गुजरात में भ्रष्टाचार खत्म करना होगा।% रोडशो के दौरान केजरीवाल ने आरोप लगाए कि राज्य में भाजपा 25 सालों से सत्ता में है, लेकिन भ्रष्टाचार खत्म नहीं कर सकी। उन्होंने कहा, %25 सालों के बाद वे अब अहंकारी हैं। वे अब लोगों की बात नहीं सुनते। आम आदमी पार्टी को एक मौका दें, जैसे पंजाब ने दिया है, जैसे दिल्ली ने दिया है। आम आदमी पार्टी को एक मौका दें, अगर आपको हम पसंद नहीं आए, तो अगली बार बदल दीजिए। आम आदमी पार्टी को एक मौका दीजिए, आप सभी दूसरी पार्टियों को भूल जाएंगे।

### केजरीवाल की रैली देखने के चक्कर में छत से लटक गया युवक

**अहमदाबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे थे। चुनावी तैयारियों को लेकर केजरीवाल और मान दो दिनी दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस दौरान अहमदाबाद में केजरीवाल और भगवंत मान की रैली के दौरान बड़ा हादसा टल गया। रैली देखने के चक्कर में शख्स छत से लटक गया। उसके साथियों ने कैसे उसकी जान बचाई। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान गुजरात के अहमदाबाद पहुंचे। यहां दोनों ने साबरमती आश्रम में चरथे पर सूत काटा। केजरीवाल और भगवंत मान गुजरात में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राज्य दौरे पर हैं। बताते चलें कि गुजरात में इसी साल चुनाव होने हैं। साबरमती आश्रम में कुछ वक्त बिताने के बाद केजरीवाल और भगवंत मान ने अहमदाबाद में एक रैली में हिस्सा लिया। रैली के दौरान एक बड़ा हादसा टला। एजेंसी के मुताबिक, रोडशो का एक वीडियो सामने आया है जिसमें दोनों की रैली के दौरान एक शख्स छत से रैली को देख रहा था तभी उसका बैलेंस बिगड़ा और वह छत से लटक गया। इस दौरान साथ में मौजूद उसके साथियों ने उसे रेस्क्यू किया।

## कश्मीरी पंडितों का घर वापसी का सकंल्प अगले नवरेह पर जरूर पूरा होगा : भागवत

**जम्मू।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि अब संकल्प पूर्ति का समय निकट है। अबकी बार ऐसा कश्मीर बसाना है जो दोबारा उजड़ न सके। सबके बीच मिल-जुलकर बसना है। मोहन भागवत ने सभी को नमस्कार करते हुए आनलाइन माध्यम से संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा संजीवनी शारदा केंद्र के इस नवरेह उत्सव के समापन अवसर पर एकत्रित हुए सभी लोगों को मेरा नमस्कार और इस पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं।

भागवत ने कहा आपके मध्य किसी उत्सव में मैं पहली बार नहीं आया हूं। 2011 में हेरत उत्सव में मैं दिल्ली के कार्यक्रम में उपस्थित हुआ था। हमारा यह आज का नवरेह समारोह यह एक नए पर्व और वर्ष का प्रारंभ होगा और यह संकल्प का भी दिवस है। तीन दिन के इस



कार्यक्रम में हम अपने पूर्वजों के व्यक्तित्व का स्मरण करते हैं, प्रेरणा लेते हैं, संकल्प लेते हैं और इसीलिए शौर्य दिवस को आपने इस महोत्सव को उचित नाम दिया है। अब हमें कुछ शौर्य पराक्रम करना पड़ेगा। परिस्थितियें सब प्रकार की जीवन में आती हैं और जाती भी हैं। परिस्थितियों में हमारी कसौटी होती है। हमें अपने धैर्य साहस के माध्यम से ही परिस्थिति को पार कर सकते हैं। हम आज ही अपने ही देश में अपने घर में विस्थापित होने का दंश झेल रहे हैं और यह परिस्थिति तीन-चार दशकों से लगातार चल रही है। परंतु इसके आखिरकार क्या उपाया है। पहला उपाय है कि हमने इस परिस्थिति को पार करके विजय पाने का संकल्प लेना है। जैसे कल आपने संकल्प लिया अगले वर्ष अपने घर में अपने प्रदेश में नवरेह मनाएंगे। यही सबसे बड़ी बात है। एक समय इजरायल के लोग भी बिखर गए थे। उन्होंने भी अपने त्यौहार में संकल्प और इस संकल्प को 1800 वर्ष जागृत रखा और फिर संकल्प के आधार पर एक स्वतंत्र इजरायल को स्थापित किया और पिछले 30 वर्षों में इजरायल सब बाधाओं को पार करके दुनिया में एक अग्रणी राष्ट्र बना है।

## आपने ऐसी होली खेली कि पूरे यूपी को केसरिया रंग में रंग दिया : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल में ही संपन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे 10 मार्च को आए थे, जबकि होली 18 मार्च को मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश चुनाव में प्रचार के दौरान बार-बार कहते रहे कि इस बार प्रदेश के लोग होली के पहले ही भाजपा की सरकार बनाकर जबरदस्त होली खेलेंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ पहुंचे और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा



इस बार के चुनाव में आप लोगों ने ऐसी होली खेली कि पूरा उत्तर प्रदेश केसरिया रंग में रंग गया। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि इस बार के चुनाव में आप लोगों ने ऐसी होली खेली कि उत्तर प्रदेश को केसरिया रंग में रंग दिया। ऐसा लग रहा था हर पिचकारी से रंग निकल रहा है, तो केसरिया ही निकल रहा है। चाह मोदी जी की सरकार हो या योगी जी की, दोनों जनता के हित में काम करने वाली सरकार है। लखनऊ से सांसद ने कहा कि करीब 38 वर्षों के बाद ऐसा हो रहा है कि प्रदेश में कोई सरकार दोबारा लौट कर आ रही है। यह जनता की आशीर्वाद से ही संपन्न हो पाया है। इस मौके पर राजनाथ ने प्रदेशवासियों को होली और नवरात्रि की भी शुभकामनाएं दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 5 सालों में भाजपा ने अनेकों काम किए हैं। उन्होंने कहा कि मैं योगी सरकार के कामकाज के आधार पर यह कह सकता हूं कि वह एक बार फिर से जनता की कसौटी पर पूरी तरीके से खरी उतरेगी।

## खास खबर

### महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में आकाश में दिखाई दिया चमकीला पिंड



**मुंबई।** महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में शनिवार की रात आकाश में लोगों को अदभुत नजारा देखने को ?मिला। आकाश में अंधेरे को चीरते हुए एक चमकीला पिंड आगे बढ़ते हुए दिखाई दिया। ऐसा लग रहा था कि उल्का पिंडों की बारिश हो रही हो। यह नजारा महाराष्ट्र के नागपुर, चंद्रपुर, बुलढाड़ा, अकोला और जलगांव जिलों में और मध्य प्रदेश के इंदौर, खरगोन, खंडवा, झाबुआ और बड़वानी जिलों में शाम 7ः30 बजे देखने को मिला। लोगों ने इसे अपने कैमरे में कैद किया और फिर इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया। देखते ही देखते यह वीडियो वायरल हो गया। जलगांव के जिलाधिकारी अभिजीत राउत ने बताया कि औरंगाबाद स्थिति एपीजे अब्दुल कलाम एस्ट्रोस्पेस एंड साइंस सेंटर के विशेषज्ञों के मुताबिक गिरने वाली वस्तुएं इलेक्ट्रान राकेट बूस्टर हो सकती हैं जो पृथ्वी की कक्षा में सेटेलाइट को भेजते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की घटनाएं नियमित हैं। कलाम एस्ट्रोस्पेस एंड साइंस सेंटर के एक अ?धिकारी ने कहा कि दुनियभर में शनिवार को सिर्फ एक सेटेलाइट को लांच किया जाना था। राकेट लैब इलेक्ट्रान लांचर ने भारतीय समय के अनुसार शाम 6ः11 बजे अमेरिका स्थित कंपनी ब्लैकस्काई के एक सेटेलाइट को कक्षा में भेजा। चूंकि, यह नजारा पूर्वोत्तर महाराष्ट्र में आसमान में देखने को मिला है, इसलिए हो सकता है कि गिरने वाली वस्तुएं इसके राकेट बूस्टर हों, जिन्हें लांचर में सेटेलाइट को कक्षा में तेजी के साथ भेजने के लिए लगाया जाता है।

### जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में लश्कर के 4 सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने बांदीपोरा जिले में रविवार को लश्कर-ए-तैयबा के 4 सहयोगियों को गिरफ्तार कर आतंकी मोड्यूल का भंडाफोड़ किया है। ये आतंकवादी जिलों में आतंकवादियों को लाजिस्टिक और परिवहन प्रदान कर रहे थे। सुरक्षा बलों ने बांदीपोरा के अष्टांगो गांव में एक चीनी ग्रेनेड बरामद कर इरफान अहमद भट, सज्जाद अहमद मीर और इरफान अहमद जान के रूप में पहचाने वाले आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। बांदीपोरा जिले के राख हाजिन में नाका (चेकपोस्ट) के दौरान, सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी सहयोगी, इरफान अजीज को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से चीनी ग्रेनेड बरामद किया। इरफान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी, उमर लाला के संपर्क में था। उन्होंने कहा, इरफान अपने पाकिस्तान स्थित आतंकवादी के साथ हाजिन इलाके में आतंकी घटनाएं करने की योजना बना रहा था।

### योगी के मंत्री का अखिलेश पर तंज, पिता का अपमान किया इसकारण जनता सबक सिखाया

**हरदोई।** हरदोई में आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव पर जोरदार निशाना साधा है। शिवपा की भाजपा से बढ़ रही नजदीकियों पर कहा कि अखिलेश ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव और चाचा शिवपाल यादव दोनों का अपमान किया है। इसकारण जनता ने उन्हें सबक सिखाया है। अखिलेश लगातार तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर मौजूदा सरकार निशाना साध रहे हैं। इस पर अग्रवाल ने कहा कि अखिलेश किस तरह से बयान दे रहे हैं, यह वही जानें। उन पर टिप्पणी करना भी हम उचित नहीं समझते हैं। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने पिता को अपमानित कर सकता है उसके साथ ईश्वर भी नहीं होता। शिवपाल और मुलायम पर बोलते हुए नितिन ने कहा कि दोनों नेताओं का लगातार अखिलेश ने अपमान किया है। इसका खामियाजा जनता ने अखिलेश को दिया है और आने वाले समय में जनता देती रहेगी। उन्होंने कहा कि जो पिता का अपमान करता है उसके साथ ही ईश्वर भी नहीं रहता है।

### असली नोट लेकर रद्दी कागज की गड्डी थामने वाला गिरोह पकड़ाया

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया की रामपुर कारखाना पुलिस ने ठगी करने वाले एक गिरोह को पकड़ा है, जो तीन गुना रुपये देने का लालच देकर असली नोट लेकर फरार होते और लोगों को रद्दी कागज की गड्डी थमा देते थे। ये गैंग दुकानदारों को टारगेट करते थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि पटनवा पुल के पास तीन युवक कई लोगों को इसी तरह ठगी का शिकार बना चुके हैं। खबर के बाद सीओ सिटी और रामपुर कारखाना के थानेदार खुद ग्राहक बनकर मौके पहुंचे। यहां इन शातिर शातिर ठगों ने इन दोनों को भी चूना लगाने की कोशिश, लेकिन पकड़े गए।

## न्यूज़ ट्रैक....

### स्वियातेक ने ओसाका को हराकर महिला एकल खिताब जीता

**मियामी** । पोलैंड की इगा स्वियातेक ने मियामी ओपन टेनिस जीत लिया है। स्वियातेक ने महिला एकल फाइनल में जापान की नाओमी ओसाका को 6-4, 6-0 से हराया। इस प्रकार उसका विजय अभियान लगातार 17 मैच तक पहुंचा है। स्वियातेक अब सोमवार को जारी होने वाली महिला एकल रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की ऐश बार्टी की जगह शीर्ष पर पहुंच जाएगी। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बार्टी ने पिछले माह ही संन्यास ले लिया था। स्वियातेक ने पहले सेट में ओसाका की सर्विस तोड़कर 3-2 की बढ़त बनायी तथा 52 मिनट में यह सेट जीत लिया। ओसाका ने पहले सेट में जीत दर्ज की पर दूसरा सेट पूरी तरह से अलग था जिसमें स्वियातेक हावी रही। उन्होंने लगातार नौवें मैच में सीधे सेटों में जीत हासिल की। स्वियातेक का यह इस साल का तीसरा खिताब है।

### मेदवेदेव सर्जरी के कारण फ्रेंच ओपन से बाहर रहेंगे

**मोनाको** । रुस के टेनिस स्टार दानिल मेदवेदेव हर्निया की सर्जरी के कारण अगले एक से दो महीने तक टेनिस कोर्ट पर नजर नहीं आयेंगे। सर्जरी के बाद उन्हें फिट होने में समय लगेगा , इससे मेदवेदेव के 22 मई से शुरू होने वाले अगले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन से भी बाहर रहने की संभावनाएं हैं। पुरुष एकल वर्ग में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मेदवेदेव ने ट्विटर पर लिखा कि वह हाल के महीनों में हर्निया से परेशान थे। उन्होंने ट्वीट किया कि मैंने अपनी टीम के साथ मिलकर इस समस्या से निपटने के लिए छोटी ही सर्जरी कराने का फैसला किया है। इस कारण मैं अगले एक या दो महीने तक नहीं खेलूंगा। मेरा लक्ष्य कोर्ट पर जल्द वापसी के प्रयास करना रहेगा।
गिरजा/ईएमएस 03अप्रैल 2022

### राजस्थान टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंची



**मुंबई** । राजस्थान रॉयल्स टीम के कप्तान संजू सैमसन ने मुंबई इंडियंस की टीम के खिलापफ मिली जीत पर खुशी व्यक्त की है। रॉयल्स ने आईपीएल के इस 15 वें सत्र में मुम्बई को 23 रन से हराकर अपना दूसरा मुकाबला जीता है। इस जीत के साथ ही टीम अंक तालिका में पहले स्थान पर गई है और अब उसके 4 अंक हो गए हैं। सैमसन ने कहा कि यह मैच जीतकर मैं बेहद खुश हूं। सैमसन ने कहा कि अगर मुम्बई की टीम कप्तान किरोन पोलार्ड के अंत तक खेलने के बाद भी हारती है तो इसका मतलब है कि हमारे गेंदबाजों और टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा हैं। मुंबई इंडियंस जैसी बड़ी टीम के खिलाफ खेलना काफी अच्छा होता है क्योंकि वह जोरदार वापसी के लिए जाने जाते हैं। इसमें आपको अपने डेथ ओवर्स के गेंदबाजों पर भरोसा करना होता है जो हमने किया। हम जानते हैं कि एक-दो विकेट मैच का रुख पलट सकती हैं। इसलिए हमें अपने गेंदबाजों पर भरोसा बनाये रखा। इस टूर्नामेंट में आगे भी हम बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे।

# हार की हैट्रिक टालना चेन्नई की सबसे बड़ी चुनौती, पंजाब को दूसरी जीत की तलाश




**मुंबई** । चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है, लेकिन गत चैम्पियन को वापसी कराने के लिए कप्तान रविंद्र जडेजा चाहेंगे कि उनके खिलाड़ी रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ कई चीजों में सुधार करें। आईपीएल 2022 में सीएसके का अभियान निराशाजनक तीरके से शुरू हुआ। टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से हारने के बाद उन्हें नई टीम लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से पराजय झेलनी पड़ी। शुरूआती मैच में जहां बल्लेबाजी इकाई विफल रही, वहीं दूसरे मैच में ओस ने गेंदबाजों के लिये मुश्किलें खड़ी कर दीं जिससे वे 200 से ज्यादा रन का बचाव करने में असफल रहे। टॉस मैच के नतीजों में अहम भूमिका निभा रहा है,तब दूसरी पारी में ओस के कारण टीमें लक्ष्य का पीछा करने का विकल्प चुन रही हैं और सीएसके उम्मीद करेगी कि वे गीली गेंद से गेंदबाजी करने के लिये बेहतर ढंग से तैयार रहें।

जडेजा ने एलएसजी से मिली हार पर कहा, 'ओस इस चरण में अहम हिस्सा होगी। अगर आप टॉस जीतते हो,तब आप पहले गेंदबाजी करना पसंद करते हैं, काफी ओस थी, गेंद हाथों में भी नहीं आ रही थी, गीली गेंद से अभ्यास करना होगा।% सीएसके गेंदबाजी आक्रमण को भी तेज गेंदबाज दीपक चाहर और एडम मिल्ने तथा अंतिम ओवर के विशेषज्ञ क्रिस जोर्डन की कमी महसूस हो रही है। उन्हें लखनऊ की टीम के खिलाफ आल राउंडर शिवम दुबे को 19वां ओवर गेंदबाजी कराने के लिये बाध्य होना पड़ा जिसमें 25 रन बने और मैच उनके हाथों से निकल गया। सीएसके गेंदबाजों को प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए कसी गेंदबाजी करनी होगी। तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी एलएसजी के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए जूझते दिखे लेकिन पंजाब के मजबूत लाइन-अप के खिलाफ उन्हें बेहतर खेल दिखाना होगा, विशेषकर सीसीआई पर जहां गेंदबाजी आसान नहीं रही है। ड्वेन ब्रावो ने टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन उन्हें अन्य से सहयोग की जरूरत है। कप्तान जडेजा भी अपनी उसी अच्छी लय में नहीं दिखे हैं जिससे उन्हें भी अपना सर्वश्रेष्ठ करने की जरूरत होगी।

वहीं पंजाब किंग्स की टीम में कुछ 'बिग हिटर मौजूद हैं, लेकिन वे केकेआर के खिलाफ चूक गए। छह विकेट की हार के बाद टीम विजयी लय में वापसी करने के लिए बेताब होगी और उम्मीद करेगी कि उसके बल्लेबाज इसमें योगदान दें। मयंक अग्रवाल, शिखर धवन और भानुका राजपक्षे शीर्ष क्रम में मौजूद हैं तो पंजाब प्रतिद्वंद्वी टीम के आक्रमण पर आसानी से दबदबा बना सकता है। ओडियन स्मिथ और शाहरूख खान भी गेंद बाहर पहुंचाने में मशहूर हैं और उन्हें अधिक निरंतरता से 'फिनिशर की भूमिका निभाने की जरूरत होगी। पंजाब ने कागिसो रबाडा को अपने आक्रमण में शामिल किया था लेकिन आंद्रे रसेल के खिलाफ कोई भी गेंदबाज काम नहीं आ सका। इसलिए उन्हें जल्द ही एकजुट होकर सही क्षेत्र में गेंदबाजी करनी होगी। दो स्पिनरों राहुल चाहर और हरप्रीत बरार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और मैच के नतीजे में ये अहम कारक हो सकते हैं।

## खराब बल्लेबाजी के कारण हारे हम : ऋषभ



**मुंबई** । दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ ने आईपीएल के 15 वें सत्र में अपनी टीम के दूसरे मैच में हारने पर निराश व्यक्त की है। दिल्ली को इस मैच में नई टीम गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने यहां पहले खेलते हुए 171 रन बनाए थे पर दिल्ली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 157 रन ही बना पाई। दिल्ली के कप्तान ऋषभ ने कहा कि बीच के ओवरों में गुजरात टीम ने अच्छी बल्लेबाजी की। साथ ही कहा कि विकेट के हिसाब से हमें अधिक बड़ा लक्ष्य नहीं मिला था पर हमारे बल्लेबाज अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाये। विशेष रूप से बीच के ओवरों में हमारी बल्लेबाजी खराब रही। हमने पावरप्ले में ही हमने तीन विकेट खो दिये थे जिससे टीम पर दबाव आ गया। कप्तान ने कहा कि लगातार विकेट खोने के बाद वापसी कठिन हो जाती है। अब हम अगले मैच से मौसम की स्थिति के आधार पर पहले बल्लेबाजी करने या गेंदबाजी करने का फैसला करेंगे। हम अभी इसके बारे में नहीं सोच रहे हैं और देखेंगे कि हम पुणे कब वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने हार के बाद भी टीम का हौंसला बढ़ाया है।



*जर्मनी में बुंदेलासगा लीग फुटबॉल में खेलते हुए खिलाड़ी।*

# 2011 क्रिकेट विश्व कप जीत को 11 साल पूरे, याद कर भावुक हुए सचिन, रैना और युवराज







**मुंबई** । भारतीय टीम के 2011 क्रिकेट विश्व कप जीत को 11 साल पूरे हो चुके हैं। सचिन तेंदुलकर और सुरेश रैना ने शनिवार को विश्व कप को याद किया। विश्व कप जीत को याद कर तेंदुलकर ने ट्वीट किया, सपना कैसे शुरू हुआ और कैसे पूरा हुआ! वहीं सुरेश रैना ने कहा, एक टूर्नामेंट क्रिकेट विश्व कप 2011 जिसने भारतीय क्रिकेट के लिए सब कुछ बदल दिया, एक ऐसा पल जब हमारा सपना पूरा हुआ यह पल हमेशा हमारे दिल के करीब रहेगा। युवराज सिंह ने कहा, यह सिर्फ एक विश्व कप जीत नहीं थी, यह एक अरब भारतीयों का सपना पूरा होने का सपना था। इस टीम का हिस्सा बनने पर गर्व है, जो देश के लिए कप जीतना चाहती थी। सचिन तेंदुलकर के लिए, तिरंगा पहनने और देश को गौरवान्वित करने के गौरव की बराबरी कोई नहीं कर सकता। बता दें कि भारत ने 1983 में कपिल देव के नेतृत्व में अपना पहला विश्व कप जीता था। फिर 2011 में दोबारा यह मौका आया। इस दौरान भारत ने क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया,तब सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। वानखेड़े स्टेडियम की प्रत्येक सीट पर दर्शक थे। कुमार संगकारा के नेतृत्व में श्रीलंका ने भारत को 275 रनों का कड़ा लक्ष्य दिया। महेला जयवर्धने ने 103 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते भारत ने सहवाग 0, तब सचिन 18 के विकेट जल्द गंवा दिए। स्कोरबोर्ड 31/2 पर था जब गौतम गंभीर (97) और धोनी (91*) ने टीम को जीत तक पहुंचा दिया। भारतीय टीम ने 28 साल बाद विश्व कप ट्रॉफी जीती। धोनी मैन ऑफ द मैच बने, वहीं युवी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट।

## व्यापार न्यूज

### पीएनबी का पीपीएस सिस्टम 4 अप्रेल से लागू होगा

**मुंबई** । पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सोमवार 4 अप्रैल से पॉजिटिव पे सिस्टम (पीपीएस) लागू करने जा रहा है। पीएनबी से मिली जानकारी के मुताबिक 4 अप्रैल से चेक भुगतान के लिए वेरिफिकेशन जरूरी हो जाएगा। गौरतलब है कि इस नियम के बाद अगर सही जानकारी नहीं मिली तो चेक वापस भी किया जा सकता है। पीएनबी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर इस बारे में ट्वीट किया है। बैंक ने अपने ट्विटर हैंडल पर कहा है कि 4 अप्रैल से पॉजिटिव पे सिस्टम प्रणाली अनिवार्य होगी। यदि ग्राहक बैंक ब्रांच या डिजिटल चैनल के जरिए 10 लाख रुपए और उससे ऊपर चेक जारी करते हैं तो पीपीएस कंफर्मेशन अनिवार्य होगा। ग्राहकों को अकाउंट नंबर, चेक नंबर, चेक अल्फा, चेक डेट, चेक अमाउंट और लाभार्थी का नाम देना पड़ेगा। अधिक जानकारी के लिए पीएनबी के ग्राहक इस नंबर 1800-103-2222 या 1800-180-2222 पर कॉल कर सकते हैं या फिर बैंक की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। गौरतलब है कि पॉजिटिव पे सिस्टम एक प्रकार से फ्रॉड को पकड़ने वाला टूल है। इस सिस्टम के तहत कोई भी जब चेक जारी करेगा तो उसे अपने बैंक को पूरी जानकारी देनी होगी। इसमें चेक जारी करने वाले को एसएमएस, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम या मोबाइल बैंकिंग के जरिए इलेक्ट्रॉनिकली चेक की डेट, बेनेफिशियरी का नाम, अकाउंट नंबर, कुल अमाउंट और अन्य जरूरी जानकारी बैंक को देनी होगी। इस सिस्टम से चेक से पेमेंट जहां सुरक्षित होगा, वहीं क्लियरेंस में भी कम समय लगेगा। इसमें जारी किए गए फिजिकल चेक को एक जगह से दूसरी जगह घूमना नहीं पड़ता है। यह काफी आसान और सुरक्षित प्रोसेस है।

### गुड़ी पड़वा पर टाटा मोटर्स ने बेची 712 ईवी

**नई दिल्ली** । घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने गुड़ी पड़वा के अवसर पर महाराष्ट्र और गोवा में 712 इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की आपूर्ति की। टाटा मोटर्स ने कहा कि महाराष्ट्र के लोकप्रिय त्योहार के मौके पर उसने 564 नेक्सॉन ईवी और 148 टिगोर कारों की बिक्री की। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विपणन, बिक्री और सेवा रणनीति प्रमुख विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि महाराष्ट्र और गोवा के ग्राहकों को एक ही दिन में 712 इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति करना एक ऐसा अवसर है जिसे लेकर हम बहुत उत्साहित हैं। इसके अलावा दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स ने भी गुड़ी पड़वा पर 500 जावा और येज़्दी मोटरसाइकिलों की आपूर्ति की है।

### कॉस्मो फिल्म्स औरंगाबाद में 140 करोड़ निवेश करेगी

**औरंगाबाद** । पैकेजिंग से जुड़े सामान बनाने वाली कॉस्मो फिल्म्स 140 करोड़ रुपए के निवेश के साथ औरंगाबाद में एक सीपीपी फिल्म उत्पादन लाइन स्थापित करेगी। कंपनी ने बताया कि वह आंतरिक स्रोतों और ऋणों के माध्यम से इस उत्पादन लाइन पर 140 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कॉस्मो फिल्म्स ने कहा कि इस विस्तार के लिए उसने वालूज में जमीन भी खरीद ली है। नई उत्पादन लाइन की सालाना क्षमता 25,000 एमटी की होगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पैकेजिंग फिल्मों को दोबारा इस्तेमाल में लाने लायक और टिकाऊ बनाने पर दुनिया भर में जोर दिया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए नई उत्पादन लाइन स्थापित करने का फैसला लिया गया है।

### पेट्रोल और डीजल फिर 80 पैसे महंगा



**नई दिल्ली** । घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतें रविवार को फिर से प्रति लीटर 80 पैसे बढ़ा दी गईं, जिससे दो सप्ताह से भी कम समय में कीमतों में प्रति लीटर आठ रुपए बढ़ गए हैं। ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार राजधानी में पेट्रोल की कीमत अब 103.41 रुपए प्रति लीटर है, जबकि डीजल की कीमत 94.67 रुपए हो गई है। देशभर में ईंधन की दरों में वृद्धि की गई है लेकिन स्थानीय कर प्रावधानों के अनुरूप अलग-अलग राज्यों में यह दर अलग-अलग है। 22 मार्च को साढ़े चार महीने के लंबे अंतराल के बाद दरों में बदलाव किया गया था।

# डब्ल्यूएचओ ने कोवैक्सीन का इस्तेमाल सस्पेंड किया, विभिन्न देशों को जारी किया अलर्ट

### वैक्सीन निर्माता को टेस्टिंग में पाई गई कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी




**मुंबई** । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि उसने भारत बायोटेक द्वारा बनाई गई कोविड-19 वैक्सीन कोवैक्सीन की संयुक्त राष्ट एजेंसियों के जरिए सप्लाई को सस्पेंड कर दिया है, इससे वैक्सीन निर्माता को अपनी सुविधाओं को अपग्रेड करने और टेस्टिंग में पाई गई कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। डब्ल्यूएचओ के अनुसार वैक्सीन ले रहे देशों से इस संबंध में उचित कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। हालांकि यह तय नहीं किया गया है कि उचित कार्रवाई क्या होगी। वहीं डब्ल्यूएचओ ने कहा कि टीका प्रभावी है और कोई सुरक्षा चिंता नहीं है, हालांकि निर्यात के लिए उत्पादन को सस्पेंड करने से कोवैक्सिन की सप्लाई बाधित होगी। संस्था ने कहा कि निलंबन का फैसला 14 से 22 मार्च तक डब्ल्यूएचओ पोस्ट इमरजेंसी यूज लिस्टिंग (ईयूएल) निरीक्षण के बाद किया गया है। वहीं वैक्सीन निर्माता ने निर्याम के लिए कोवैक्सिन के उत्पादन को सस्पेंड करने की अपने कमिटमेंट को पूरा करने के संकेत दिए हैं। वहीं भारत बायोटेक ने डब्ल्यूएचओ के इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। पिछले दिनों वैक्सीन निर्माता ने कहा था कि यह कोवैक्सिन के उत्पादन को कम किया गया है, क्योंकि देश में संक्रमण और व्यापक टीकाकरण कवरेज में गिरावट के साथ-साथ अब मांग में कमी आ रही है। हालांकि डब्ल्यूएचओ की टेस्टिंग के दौरान कंपनी ने कहा था कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से टीके के इमरजेंसी इस्तेमाल के मद्देनजर किए गए निरीक्षण के बाद वैक्सीन में मौजूदा हालातों के मद्देनजर सुधार लाने तथा उसे और विकसित करने की प्रोसेस पर रिसर्च जारी है। इससे यह सुनिश्चित हो जाए कि कोवैक्सीन वर्तमान परिस्थितियों के साथ बदल रही ग्लोबल जरुरतों को पूरा करता रहे।

## एफपीआई ने पिछले महीने बाजारों से निकाले 41,000 करोड़

**नई दिल्ली** । केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना तथा रूस-यूक्रेन युद्ध से पैदा हुई भू-राजनीतिक चिंता के बीच अमेरिका विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार छठे महीने बिकवाली जारी रखते हुए मार्च में भारतीय शेयर बाजारों से 41,000 करोड़ रुपए की निकासी की है। विशेषज्ञों का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतों में उछाल तथा मुद्रास्फीति की वजह से निकट भविष्य में भी एफपीआई के प्रवाह में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने पिछले महीने शेयर बाजारों से 41,123 करोड़ रुपए की निकासी की है। इससे पहले उन्होंने फरवरी में शेयर बाजारों से 35,592 करोड़ रुपए और जनवरी में 33,303 करोड़ रुपए निकाले थे।विदेशी निवेशक पिछले छह महीनों से शेयरों से निकासी कर रहे हैं। अक्टूबर, 2021 और मार्च, 2022 के बीच उन्होंने भारतीय बाजारों से 1.48 लाख करोड़ रुपए निकाले हैं।

# बिजली की मांग व्यस्त समय में 12 प्रतिशत बढ़कर 198.47 गीगावॉट रही

### - एक अप्रैल, 2021 को व्यस्त समय की बिजली की मांग 177.20 गीगावॉट रही थी

**नई दिल्ली** । बिजली की व्यस्त समय की अधिकतम मांग या एक दिन में सबसे ऊंची आपूर्ति पहली अप्रैल को एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़कर 198.47 गीगावॉट पर पहुंच गई है। इससे पता चलता है कि गर्मियों की शुरुआत तथा राज्यों द्वारा लॉकडाउन अंकुशों में ढील के बाद वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों में सुधार आया है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार एक अप्रैल, 2021 को व्यस्त समय की बिजली की अधिकतम मांग 177.20 गीगावॉट रही थी। आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में पूरे अप्रैल महीने के दौरान बिजली की सबसे अधिक मांग 182.37 गीगावॉट दर्ज की गई थी। अप्रैल, 2020 में यह 132.73 गीगावॉट थी, जो अप्रैल, 2019 के 176.81 गीगावॉट से कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि बिजली की मांग में भारी उछाल से पता चलता है कि वाणिज्यिक और औद्योगिक गतिविधियों के लिए मांग बढ़ रही है। विशेषकर कोरोनो वायरस संक्रमण को रोकने के लिए राज्यों द्वारा लगाए लॉकडाउन अंकुशों में ढील के बाद से बिजली की मांग में जोरदार उछाल आया है। आर्थिक गतिविधियों में उछाल के अलावा गर्मी की शुरुआत ने भी बिजली की मांग को बढ़ा दिया है। विशेष रूप से देश के उत्तरी हिस्से में लोगों ने भीषण गर्मी के मद्देनजर कूलर और एयर कंडीशनर (एसी) का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। देश में बढ़ते कोरोना के मद्देनजर लगाए गए लॉकडाउन प्रतिबंधों के कारण अप्रैल, 2020 में बिजली की मांग प्रभावित हुई थी। केंद्र सरकार ने 25 मार्च, 2020 को लॉकडाउन लगाया था। अप्रैल, 2021 में महामारी की दूसरी घातक लहर की वजह से देश में फिर लॉकडाउन लगाया गया। इससे देश में बिजली की मांग प्रभावित हुई थी। एक अप्रैल, 2022 को 198.47 गीगावॉट की व्यस्त समय की बिजली मांग अप्रैल, 2019 की 176.81 गीगावॉट की मांग की तुलना में काफी अधिक है। इन आंकड़ों से पता चलता है कि बिजली की मांग अब महामारी-पूर्व के स्तर को पार कर गई है। सात जुलाई, 2021 को बिजली की अधिकतम मांग या एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति रिकॉर्ड 200.57 गीगावॉट थी। केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने पिछले महीने कहा था कि मार्च में ही बिजली की अधिकतम मांग 200 गीगावॉट के स्तर को पार कर सकती है। हालांकि, मार्च में मांग इससे कुछ कम 199.29 गीगावॉट रही थी।

# बीते वित्त वर्ष में छोटे शेयरों ने दिया 36.64 प्रतिशत रिटर्न

### विशेषज्ञों ने कहा, 2022-23 में भी स्मॉलकैप का बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा

**नई दिल्ली** । छोटी कंपनियों के शेयरों ने प्रतिफल देने के मामले में सेंसेक्स और निफ्टी को पीछे छोड़ दिया है। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में छोटे शेयरों (स्मॉलकैप) ने निवेशकों को 36.64 प्रतिशत का बड़ा रिटर्न दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि 2022-23 में भी स्मॉलकैप का बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा। भू-राजनीतिक तनाव, मुद्रास्फीति की चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से पिछले वित्त वर्ष के आखिर में हालांकि बाजार को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। विश्लेषकों ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही बहुत अच्छी रही, जबकि दूसरी छमाही में बाजार को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। बीते वित्त वर्ष में स्मॉलकैप सूचकांक 7,566.32 अंक चढ़ गया। वहीं मिडकैप में 3,926.66 अंक की बढ़त रही। इसकी तुलना में सेंसेक्स वित्त वर्ष 2021-22 में 9,059.36 अंक चढ़ा। उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से मिडकैप और स्मॉलकैप का प्रदर्शन तेजड़िया बाजार से बेहतर होता है। वित्त वर्ष 2022-23 में भी इनका प्रदर्शन मुख्य बेंचमार्क से बेहतर रह सकता है क्योंकि तमाम तरह की दिक्कतों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था एक अच्छी वृद्धि की राह पर अग्रसर है। विशेषज्ञों ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से अप्रैल का महीना शेयर बाजारों के लिए सबसे अच्छा रहता है। खासकर मिडकैप और स्मॉलकैप के मामले में। पिछले 15 में से 14 साल में बीएसई का स्मॉलकैप सूचकांक लाभ के साथ बंद हुआ है। इस दौरान इसमें औसतन सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम व्यापक बाजार के लिए नए वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की उम्मीद कर सकते हैं। 19 अप्रैल, 2021 को स्मॉलकैप अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 20,282.07 अंक पर आ गया था। वहीं इस साल 18 जनवरी को यह 31,304.44 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। इसी तरह मिडकैप पिछले साल 19 अक्टूबर को 27,246.34 अंक के अपने रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। इसने 19 अप्रैल, 2021 को अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 19,423.05 अंक को छुआ था।

### भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

**मुंबई** । रूस और यूक्रेन तनाव कमजोर पड़ने, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लिवाली और औद्योगिक उत्पादन में तेजी की वजह से पिछले सप्ताह तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे शेयर बाजार अगले सप्ताह रिजर्व बैंक (आरबीआई) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा का असर रहेगा। विश्लेषकों के अनुसार कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, रूस-यूक्रेन के मोर्चे पर कुछ सकारात्मक खबरें, एफआईआई की लिवाली, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) का निरंतर समर्थन और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण शेयर बाजार ने वित्त वर्ष 2022-23 में मजबूत शुरुआत की। वैश्विक बाजार स्थिर हैं लेकिन भू-राजनीतिक स्थिति के बारे में अभी भी

# फिल्म 'लाइफ इन मेट्रो' की दीवानी हैं जाह्नवी कपूर



बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर इरफान खान के निधन को एक साल हो गया है. एक्टर का निधन 29 अप्रैल 2020 में हुआ था. हाल ही में एक्टर की पहली पुण्यतिथि थी. ऐसे में इस दुखभरे दिन को सेलेब्स ने याद किया था. अलग अलग तरीके से सेलेब्स ने इरफान के नाम संदेश लिखे. इसी लिस्ट में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर भी शामिल है. बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने इरफान खान को फिल्म देखकर याद किया है. सभी को पता है एक्टर ने अपने करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम किया था. जाह्नवी कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर इरफान खान की 'लाइफ इन मेट्रो' फिल्म के एक सीन की तस्वीर शेयर की है. तस्वीर में इरफान ही नजर आ रहे हैं. वह तस्वीर में हंसते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं, एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने तस्वीर शेयर करके फिल्म को 'आइकोनिक' बताया है. लाइफ इन ए मेट्रो 2007 में रिलीज हुई थे. ये एक मल्टी स्टारर फिल्म थी. फिल्म में इरफान के रोल को काफी ज्यादा सराहना मिली थी. इरफान खान को फैंस आखिरी बार 'अंग्रेजी मीडियम' में देखा था. इस फिल्म को लिए इरफान को बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर मिला है. 29 अप्रैल 2000 को न्यूरोइंडोक्राइन ट्यूमर से एक्टर की जान चली गई थी. इरफान के निधन की खबर ने हर किसी को हिलाकर रख दिया था. कैंसर होने के बाद से इरफान ने खुद को मीडिया से पूरी तरह से दूर रखा था. इन दिनों जाह्नवी कपूर का एक बिकिनी का फोटोशूट सुर्खियों में हैं. हालांकि एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर सफाई दी है कि ये फोटोशूट उनका कोविड लॉकडाउन के पहले का है. फोटोशूट में वह बहुत ही हॉट लुक में कहर ढाती दिख रही हैं. जाह्नवी कपूर के काम की बात करें तो धड़क एक्ट्रेस को हाल ही में फैंस ने फिल्म रूही में देखा था. इस फिल्म में वह पहली बार एक दम अलग अंदाज में नजर आई थीं. यही कारण है कि एक्ट्रेस की हर किसी ने काफी तारीफ भी की है।

## रिलीज हुआ जरीन खान की फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले का ट्रेलर

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जरीन खान आने वाले दिनों में कई प्रोजेक्ट में नजर आने वाली है। उनकी अगली फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री जरीन खान के साथ अंशुमान झा भी मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। हम भी अकेले तुम भी अकेले फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है लेकिन इससे पहले मेकर्स ने इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया है। हम भी अकेले तुम भी अकेले के ट्रेलर देखने में काफी हद तक शानदार है और लोग इस फिल्म के ट्रेलर को देखने के बाद अब इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों की होती है, जो एक दूसरे के साथ ट्रिप पर जाते हैं। हालांकि अभिनेत्री जरीन खान के किरदार का नाम मानसी और अंशुमान के किरदार का नाम वीर होता है। अभिनेता अंशुमान झा जहां फिल्म में में एक गे के रोल में नजर आते हैं वहीं अभिनेत्री जरीन खान इस फिल्म में एक लैसबियन के रोल में दिखाई देती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस फिल्म हम भी अकेले तुम भी अकेले की कहानी एलजीबीटी कम्युनिटी पर आधारित है। जिसमें मेकर्स का मकसद ये एलजीबीटी कम्युनिटी के प्यार और उनकी दोस्ती के एहसास को देश की जनता के सामने पेश करने का है। जिससे लोग उनकी भी फिलिंग्स को समझ सके। फिल्म में अंशुमान और एक दूसरे के साथ खुलकर मस्ती करते हुए नजर आते हैं। हम भी अकेले तुम भी अकेले फिल्म जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है।



## भविष्य में खुशहाल भूमिकाएं करना पसंद करूंगी : श्वेता त्रिपाठी

अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी को खुशहाल भूमिकाएं करना पसंद है। यह एक अहसास है जो उन्होंने आगामी वेब सीरीज 'ये कैसी काली आंखें' की शूटिंग के दौरान हुआ है। श्वेता ने कहा, मुझे ड्रामा पसंद है , जिसे पहले स्थापित किया जाता है। लेकिन मैं भविष्य में और भी खुशहाल भूमिकाएं करना पसंद करूंगी। उन्होंने कहा कि मुझे ये एहसास तब हुआ जब 'ये काली काली आंखे' के सेट पर मुझे एक कॉलेज सीन में सिर्फ खुश रहना था और प्यार करना था। श्वेता ने कहा, इसमें मेरा रोल बिल्कुल वैसा ही है जैसी में रीयल लाइफ में हूं और रहना चाहती हूं, एकदम सादा और खुशहाल। अपने सह कलाकार ताहिर राज भसीन के बारे में वह कहती हैं, ताहिर सुपर समर्पित हैं। वह कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# आभा पौल के तस्वीरों ने बढ़ा दी इंटरनेट पर तापमान



आप सभी ने वेब सीरीज गंदी बात जरूर देखी होगी. इसके अंदर अभिनेत्री आभा पौल के बोल्ड अंदाज ने सभी का तापमान बढ़ा दिया था. हाल ही में इस मुंबई बेस्ट मॉडल की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर तापमान बढ़ा रही है और इनकी यह तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही है. इंडियन ड्रेस में इन्होंने जिस प्रकार की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है उनको देखकर हर कोई दंग रह गया है. इस अभिनेत्री को 3डी और गंदी बात फिल्म के जरिए बहुत ही ज्यादा पॉपुलरईटी मिली थी और इनकी फिल्म कामसूत्र को भी बहुत ही ज्यादा पॉपुलरईटी मिली थी. इस फिल्म को आप फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाया जाने वाला है. हाल ही में इनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है. अल्ट बालाजी की वेब सीरीज गंदी बात के जरिए यह अभिनेत्री काफी ज्यादा चर्चा में आई थी. उसके बाद से उनके हॉट अंदाज़ पर हर किसी की नजरें टिकी होती है. इनकी एक फिल्म कामसूत्र को कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाने वाला है. ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने के साथ ही साउथ इंडियन सिनेमा की कई बोल्ड फिल्म में अपने किरदार की वजह से उन्होंने अच्छा नाम कमाया है. इसके अलावा इनको कहीं कमर्शियल टीवी एड्स में भी देखा जा सकता है. इन मुंबई में ही हुआ था और उन्होंने अपनी पढ़ाई श्री हंसराज इंटर कॉलेज से की थी. एक्टिंग में शौक होने की वजह से 2019 में आई वेब सीरीज गंदी बात के दूसरे एपिसोड में इन्होंने जो मामी का किरदार निभाया था वह काफी ज्यादा पॉपुलर हुआ था और लोगों को काफी ज्यादा पसंद आया था. इनको डांस करने का और ट्रेवलिंग करने का बहुत ही ज्यादा शौक है. सोशल मीडिया पर ही बहुत ही ज्यादा एक्टिव रहती है और अपनी हॉट तस्वीरें अपने फैंस के लिए शेयर करती रहती है. कई मशहूर फैशन डिजाइनर के साथ मिलकर भी काम किया है जिनमें मुख्य रुप से मनीष मल्होत्रा और रितु बेरी के नाम शामिल है।




## श्रीलंका में संकट

श्रीलंका में गहराया आर्थिक संकट दिन-प्रतिदिन बड़ा होता जा रहा है। हालत यह है कि श्रीलंका में बिजली बचाने के लिए स्ट्रीट लाइट तक भी बंद की रखी जा रही हैं। स्टेट पावर मोनोपोली ने भी 13 घंटे बिजली कटौती लागू की है, क्योंकि उसके पास जनरेटर के लिए डीजल नहीं है। इधर, देश में गहराती आर्थिक समस्या को लेकर लोग सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार की देर रात हजारों लोगों ने राष्ट्रपति गोटाभाया राजपक्षे के निवास के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। लोग पोस्टर लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान हुई हिंसा में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। देश में फ्यूल और गैस की कमी हो गई है। हालात पेट्रोल-डीजल के लिए लोगों को कई घंटों तक लाइन में लगाना पड़ रहा है। एजुकेशनल बोर्ड के पास कागज और स्याही खत्म हो गई है, जिसके बाद परीक्षा अनिश्चितकाल के लिए टाल दी गई हैं। श्रीलंका की अर्थव्यवस्था में टूरिज्म सेक्टर का बड़ा रोल है, लेकिन कोरोना की मार से यह पहले ही ठप पड़ा है। टूरिज्म देश के लिए फॉरेन करेंसी का तीसरा बड़ा सोर्स है। इसके कमजोर पड़ने से देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग खाली हो चुका है। करीब 5 लाख श्रीलंकाई सीधे पर्यटन पर निर्भर, जबकि 20 लाख अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े हैं। श्रीलंका की जीडीपी में टूरिज्म का 10 फीसदी से ज्यादा योगदान है। टूरिज्म से सालाना करीब 5 अरब डॉलर (करीब 37 हजार करोड़ रुपए) फॉरेन करेंसी श्रीलंका को मिलती है। श्रीलंका के मौजूदा हालात में चीन और भारत के साथ इस देश के संबंधों ने दिलचस्प मोड़ लिया है। अब तक श्रीलंका दोनों देशों को संतुलित करने और चीन-भारत के भू-राजनीतिक हितों से लाभ उठाने की कोशिश करता रहा है। अब वह मदद के लिए भारत की तरफ देख रहा है। 1948 में स्वतंत्रता मिलने के बाद से श्रीलंका सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। श्रीलंका ने चीन से कुल पांच अरब डॉलर का कर्ज ले रखा था। इसके बाद 2021 में भी चीन से एक अरब डॉलर का और कर्ज लिया। श्रीलंका साल भर के अंदर बदहाली के कगार पर इस कदर पहुंच गया कि वहां के लोग देश छोड़कर भारत के कई हिस्सों में पलायन तक करने लग गए। सालभर पहले श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अरब डॉलर से ज्यादा होता था और यह वह एक अरब डॉलर तक आ चुका है। उसके दिवालिया होने के अनुमान लगाए जा रहे हैं। तेल-गैस की मारामारी है। इस कारण बिजली कटौती चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट है। ये सभी घटनाएं बैलेंस ऑफ पेमेंट्स संकट के परिणाम हैं। श्रीलंका 2020 की शुरुआत से संघर्ष कर रहा है। कोविड-19 महामारी के कारण श्रीलंका ने पर्यटन से अर्जित किए जाने वाली वार्षिक विदेशी मुद्रा प्रवाह का चार अरब डॉलर गंवा दिया। आर्थिक मोर्चे पर कई फैसले नुकसानदायक साबित हुए। श्रीलंका की विदेशी मुद्रा अंतर्वाह में भारी कमी आई। अप्रैल 2021 तक श्रीलंका पर 35 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज था, जिसमें चीन की हिस्सेदारी 10 फीसद थी। श्रीलंका ने हंबनटोटा पोर्ट को एक हजार करोड़ रुपए में 99 साल के लिए चीन को लीज पर दिया हुआ है। कुछ साल पहले चीनी निवेश की मदद से हंबनटोटा में एक बड़ी बंदरगाह परियोजना की शुरुआत की गई थी। चीन के कर्ज की मदद से शुरू की गई अरबों डॉलर की यह परियोजना विवाद में फंस गई। परियोजना पूरी नहीं हो पा रही थी और श्रीलंका चीन के कर्ज तले दबता गया। अब हालत यह है कि वहां एक किलो चीनी 290 रुपए में, एक किलो चावल पांच सौ रुपए और चार सौ ग्राम दूध का पाउडर 790 रुपए में मिल रहा है। श्रीलंका तेल, खाद्य पदार्थ, कागज, चीनी, दाल, दवा और यातायात के पुर्जों के लिए आयात पर निर्भर है। श्रीलंका में अभी भी 20 फीसद परिवार भोजन बनाने के लिए केरोसिन पर निर्भर हैं। केरोसिन भी लोगों को नहीं मिल रहा है।

# अल्लाह की इबादत का मुकद्दस पर्व है रमजान

**श्रीगोपालनारसन**

मुकद्दस रमजान सब्र ,प्रेम और भाईचारे के साथ साथ अल्लाह की खिदमत का एक खास महिना है। इस्लाम धर्म को मानने वाला हर मुस्लमान रमजान का बेसब्री से इन्तजार करता है। रमजान शुरू होते है तो हर रोजेदार की दिनचर्या बदल जाती है। बडे सवेरे उठना और अल्लाह को याद करने के साथ ही पांचो वक्त की नमाज रोजेदार को अल्लाह की इबादत का मौका दिलाती है। रमजान की शुरूआत भी चांद से ही होती है और रमजान पूरे होने पर ईद का जब चांद निकलता है तो सबके चेहरे पर खुशी छा जाती है। दरअसल रमजान के सकुशल बीतने की खुशी में ही अल्लाह को शुक्रिया अदा करने के लिए ही ईद उल फितर का त्यौहार मनाया जाता है। वही अल्लाह के नेक बन्दो की खिदमत का भी मुबारक मौका है ।नमाज के बाद अल्लाह ने जो दूसरी इबादत मुसलमानों के लिए अनिवार्य की है वह है रोजा। रोजे से मुराद ये है कि रमजान के महीने में 30 दिन तक सुबह से शाम तक खाना-पीना नहीं होगा।

नमाज की तरह ही इबादत रोजा भी अल्लाह के भेजे सभी पैगंबरों के मानने वालों पर फर्ज हैं और आज भी अधिकतर धर्मों में किसी न किसी रूप में मौजूद हैं।

वास्तव में इस्लाम का रोजे से तात्पर्य यह है कि बंदा अपना जीवन रब की इच्छा और उसके आदेशों को मानते हुए गुजार दे। साल भर में रमजान महीने के रोजे इसी मकसद का प्रशिक्षण हैं।इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने को रमज़ान का महीना कहा जाता है। इस महीने में तीस दिनों तक रोज़ा रखना प्रत्येक मुस्लिम के लिए अनिवार्य बताया गया है। मुसलमानों के लिए यह पाक रोज़ा का महीना होता है। रोज़ा के लिए जो अरबी शब्द बोला जाता है, उसे 'सॉम' कहते है,इसका शाब्दिक अर्थ है 'संयम करना।' सॉम शब्द इस महीने की सच्ची भावना को दर्शाता है। जिसमें सूर्योदय से सूर्यास्त होने तक रोज़ा रखना होता है।

रोज़े का मतलब होता है व्यक्ति के मन को अध्यात्म से जोड़ना। जिससे उसके अंदर कृतज्ञता और स्नेह का ऐसा भाव उत्पन्न हो। जिससे व्यक्ति पूरे वर्ष संयम और नियम से चल पाए। सूर्यास्त के एक दम बाद रोज़ा खोला जाता है। रोजेदार मुस्लिम खजूर और पानी के साथ इफ़्तार करते हैं। क्योंकि हज़रत मुहम्मद साहब अपना रोज़ा खजूर और पानी से खोलते थे।

रमज़ान में मुस्लिम समाज एक अतिरिक्त नमाज़ पढ़ते हैं जिन्हें तरावीह कहा जाता है। तरावीह की नमाज़ रात की नमाज़ के बाद मस्जिद में सामूहिक रूप से पढ़ी जाती है। इस नमाज़ में पूरा कुरआन रमज़ान के महीने के अंदर पढ़ा जाता है। रमज़ान में कुरआन पढ़ने पर अत्यधिक ज़ोर दिया गया है। ताकि प्रत्येक रोज़ेदार इस पर चिंतन कर सके। आज कल के हालात के चलते विश्वभर के मुस्लिम चिंतित हैं कि वे तरावीह की नमाज़ कैसे अदा करेंगे। लेकिन यह कोई चिंता का विषय नहीं। हदीस की किताब अल-बुख़ारी में आता है की इस्लाम के पैगंबर तरावीह की नमाज़ अकेले घर पर पढ़ते थे, मस्जिद में नहीं।एक माह तक रोजा रख चुके लोग नये नये कपडे पहनकर ईद की नमाज अदा करने के लिए ईदगाह जाते है। ईदगाह में नमाज के

बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी जाती है।लेकिन इस बार कोरोना के चलते बिना गले मिले ही दिल से एक दूसरे को दुआएं देंगे तो अच्छा रहेगा। रमजान के बाद आने वाली ईद उल फितर की शुरूआत जगं ए बदर के बाद सन 624 ईसवी के पैगम्बर मौहम्मद साहब द्वारा ईद उल फितर मनाने से मनाने से हुई थी। रमजान साल का एक अनूठा महिना होता है। इस महिने में हर मुस्लमान जंहा ज्यादा से ज्यादा समय अल्लाह की रहमत में गुजारना चाहता है। वही वह स्वयं को सुधारने व खुदा के बन्दो के चेहरो पर रौनक लाने के लिए उनके हर गम में शरीक होता है। जोखुदा के बन्दे पैसो से मोहताज है, भूखे है ,लाचार है उनकी हर हाल में मदद कर उन्हे बराबरी पर लाने की कौशिश की जाती है।



रमजान के महिने में हर दिन पाक साफ रहने की हिदायत है ताकि रोजेदार हर तरह के गुनाहो से दूर रहे। आपसी भाईचारे से रहना सीखे। खुदा की इबादत करे। नेकी करे लेकिन ईद उल फितर की खुशी के मौके पर कैसे हो दिन की शुरूआत यह भी इस्लाम में बताया गया है । इस्लाम धर्म से जुड़े सलीम खान बताते है कि ईद उल फितर के दिन की शुरूआत फजर की नमाज के साथ होती है। रमजान में तीस दिनो तक रोजा रख चुके रोजेदारो एवं उनको भी जो बीमारी या फिर किसी अन्य वजह से रोजा नही रख पाए ,को मिस्वाक दातून करने के बाद गुसल नहाना करना चाहिए। फिर साफ कपडे पहनकर कपडो पर इतर की खुशबू के साथ कुछ खाकर ईदगाह जाना चाहिए। ध्यान रहे ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात की जरूरी रस्म नही भूलनी चाहिए। यही वह रस्म है जो गरीब और मोहताज पडौसी के चेहरे पर सहायता की रौनक लाती है। इस्लाम मानता है कि मनुष्य में वासनाएं,इच्छाएं,और भावनाएं प्राकृतिक रूप से समाहित है इसी कारण उसके स्वभाव में तेजी,उत्तेजना और जोश होता है। जिसे जड से तो समाप्त नही किया जा सकता लेकिन नियन्त्रित जरूर किया जा सकता है। इस नियन्त्रण के लिए ही रमजान में रोजो की व्यवस्था की गई है। ताकि मनुष्य अल्लाह को याद करने के साथ साथ अपने अन्दर की बुराईयों को दूर करते हुए आत्म नियन्त्रण करना सीखे और एक अच्छे भले इंसान के रूप में अपने जीवन का यापन करे। वैसे तो इस्लाम में हर रोज पांच वक्त की नमाज पढने की हिदायत दी गई है। लेकिन रमजान में एक विशेष नमाज़ भी अता की जाती है।लेकिन रमजान के दिनो में चूंकि हर रोजेदार अल्लाह के करीब होता है इसलिए पांचो वक्त की नमाज पढना वह अपना फर्ज समझता है। रोजा रखने से जहां पेट बिलकुल ठीक रहता है और शरीर का शुद्धिकरण हो जाता है। वही पांचो वक्त की नमाज पढने से उसकी योगिक क्रियाएं भी हो जाती है। नमाज की शरीरिक स्थिति इस तरह की होती है कि सभी तरह के आसन और प्राणायाम अल्लाह की इबादत में पूरे हो जाते है। ईदगाह में ईद की नमाज अदा करते समय तकबीर पढे,अल्लाह हु अकबर अल्लाह हु अकबर लाईलाह इल्लाह अल्लाह हु अकबर बडा है अल्लाह के सिवा कोई इबादत के लायक नही । सारी तारीफे अल्लाह के लिए है। ईदगाह की नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे को ईद की बधाई देने व लेने में जो खुशी मिलती है उसको जरूर प्राप्त करना चाहिए। ईद की बधाई में सिर्फ मुस्लमान ही नही हिन्दू,सिख और ईसाइ भी शरीक होते है। यह वह त्योहार है जो हमे इंसानियत की सीख देता है। जो दूसरो की भलाई का जज्बा देता है और मुल्क की तरक्की व हिफाजत का जुनून देता है। ईद की खुशी रोजेदारो को तभी से मिलनी शुरू हो जाती है। जब रमजान में रोजेदार मुस्लमानो के साथ साथ दूसरे धर्मो से जुडे लोग भी रोजा इफतार की रस्म में शरीक होकर आपसी भाईचारे व एकता का पैगाम देते है। रोजा इफतार कार्यक्रमो का सिलसिला रमजान में लगातार चलता है। राजनीतिक पार्टियों से लेकर स्वयंसेवी संस्थाएं भी रोजा इफतार के कार्यक्रम करके रोजेदारो की रोजा ईफतारी कराकर शबाब कमाती है। रमजान के दौरानप्रधानमन्त्री से लेकर छोटे से छोटे राजनेता भी रोजा इफतारी का कार्यक्रम करते आए है। कुछ लोग इसका नाजायज रूप में राजनीतिक इस्तेमाल भी करने लगे है। जिससे इसकी पवित्रता प्रभावित होने लगी। इसलिए हमे केवल ओर केवल धार्मिक भावना के तहत ही रोजा इफतारी कराकर रोजेदारो की खिदमत करनी चाहिए और उन्हे तहेदिल से मुबारकबाद देकर भाईचारे में इजाफे की शुरूआत करनी चाहिए।यही इस मुकद्दस पर्व का मकसद भी है।

## द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर। संसार में जैसे ही तुम एक विरोध को समाप्त करते हो तो दूसरा खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए जैसे ही रूस की समस्या समाप्त हुई, बोस्निया की समस्या खड़ी हो गई। एक समस्या हल होती है, तो दूसरी शुरू हो जाती है। तुम्हें जुकाम हुआ।

## कला-संस्कृति : राजस्थान का लोकपर्व है गणगौर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान का नाम सुनते ही मन अपने आप ही आनंदित हो उठता है। राजस्थान कि कुछ ऐसी ही तस्वीर लोगों के मन में बनी रहती है। जहां एक तरफ राजस्थान के बहादुर योद्धाओं की कहानियों से इतिहास भरा पड़ा है। वहीं यहां के पर्व त्यौहार भी अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने आप में एक पुरानी विरासत को संजोए हुए हैं। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है।

कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की



जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं-गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं-म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं-म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झूमकड़ो।रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का ''बिन्दौरा'' निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं।

# हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा

**विष्णु अग्रवाल**

यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है जिसमें देश -विदेशों से आये करीबन 25 से 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते है। इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कव के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगो को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला । श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन बाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते है कि मंदिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वंय भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम जाने जाते थे तथा पान्डव भीम के पुत्र घटोत्कच्छ और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान यौद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो कि उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हुये तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मॉ से आर्शीवाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणो के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की ओर अग्रसर हुये। सर्वप्यापी कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिए उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणो को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोको में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हे चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रो को छेद कर दिखलाओ, जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौत स्वीकार कर और अपन तुणीर से एक बाण निकाला और इश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की ओर चलाया।

तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तो को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा क्योंकि एक पत्ता उन्होने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिए वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस ओर से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मॉ को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल हो और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे। कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है और इस पर अगर बर्बरीक ने उसका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की, इस वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा । तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीष का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुनकर बालक ने उनके विराट रूप में दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखलाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमी की पूजा के लिए एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यकता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की वह अत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होंने अपने शीश का दान दिया।

### सूडोकु नवताल- 6030

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल 6029 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## राजस्थान का नया बजट कांग्रेस को कितना लाभकारी!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**

देश में गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के चुनाव में कांग्रेस के हालात अच्छे नहीं रहे जिससे पंजाब से तो सत्ता उसके हाथ से जाती रही, अन्य राज्यों में भी पूर्व चुनाव से भी जनमत में गिरावट नजर आई। इस हालात ने कांग्रेस को अन्दर से कमजोर तो बना ही दिया जहां इस हार का सही कारण ढूंढ़ने के वजाय एक दूसरे के सिर ठीकरा फोड़ने का क्रम जारी है। इस तरह के हालात में जहां आगामी वर्ष के अंतराल में जिन राज्यों के विधान सभा चुनाव होने वाले है उसमें दो राज्य राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है एवं मध्यप्रदेश में आपसी तालमेल की कमी से कांग्रेस के हाथ आई सत्ता छिटकर भाजपा के हाथ चली गई। देश के बदलते राजनीतिक समीकरण में जहां राजनीतिक पटल पर तेजी से उभरती आप पार्टी अपने आपको कांग्रेस के विकल्प के रूप में उजागर करती नजर आ रही है जिसने अभी हाल में हुये विधान सभा चुनाव में पंजाब में सत्ता पर पूर्णरूपेण कब्जा कर आने वाले आगामी चुनाव में कांग्रेस के लिये चुनौती बन सकती है ऐसे हालात में कांग्रेस शासित राज्यों के समीकरण बदल सकते है। वैसे राजस्थान के राजनीतिक समीकरण में अभी तक केवल भाजपा एवं कांग्रेस का ही वजूद हावी रहा जहां एक बार कांग्रेस तो एक बार भाजपा सत्ता पर कब्जा जमाये रखी पर आने वाले चुनाव में पंजाब से कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर सत्ता पर कब्जा करने वाली आप की नजर राजस्थान पर जरूर रहेगी जो कांग्रेस के बागी का इस्तेमाल कर वह सत्ता तक पहुंचने का प्रयास अवश्य करेगी। इस तरह के हालात में राजस्थान का नया बजट जहां हर वर्ग को खुश करने का प्रयास किया गया है, कांग्रेस के लिये कितना लाभकारी साबित हो सकता है, आने वाला चुनाव काल ही बता सकता फिलहाल राजस्थान को लेकर राजनीतिज्ञ यह मानकर चलते है कि आने वाले चुनाव में आप का वजूद प्रभावकारी नहीं रहेगा। कांग्रेस के वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजनीति के धुरंधर नेता माने जाते है जिनका राजनीतिक विरोध के वावयूद भी राजस्थान की सत्ता में कांग्रेस को बरकरार रखना, काबिले तारीफ है।

राजस्थान का नया बजट जो इस माह से राजस्थान में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया जिसके तहत आम जन को ओपीडी एवं आईपीडी में सभी तरह की जांच एवं स्वास्थ्य सेवाएं निशुःल्क कर दी गई है,

# राठौर समाज ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन





## मांग पूरी न होने पर दी आनदोलन की चेतावनी

**मुरैना।** रविवार को राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति द्वारा समाज की 07 सूत्रीय मांगो को लेकर मुरैना नेहरू पार्क पर सेकड़ों की तादाद में एकजुट होकर 11 बजे से 3 बजे तक एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नाम का ज्ञापन तहसीलदार अजय शर्मा को सौंपा। राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति के जिला अध्यक्ष रामजीलाल राठौर ने बताया कि राठौर समाज की 07 सूत्रीय मांगो को लेकर जिलाधीश के नाम एडीएम मुरैना को 10 मार्च 2022 को मांग पत्र सौंपा, कोई कार्यवाही न होने पर पुनः 23 मार्च 2022 को कलेक्टर के नाम मांग पत्र प्रस्तुत कर राठौर समाज की मांगो को 07 दिवस में पूरा करने का निवेदन किया गया एवं मांग पूरी न होने पर धरना प्रदर्शन करने की बात की गई, जिसमें अभी तक उनकी मांगो का कोई निराकरण नहीं किया गया है। श्री राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति, द्वारा पुनः स्मरण पत्र के माध्यम से 07 सूत्रीय मांगो के समाधान के लिए उचित कार्यवाही करने की मांग की गई, लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की गई। श्री राठौर ने कहा कि समाज जन कल्याणकारी समिति जनहित में मुख्यमंत्री से मांग करती है कि ज्ञापन में दर्ज मांगों का निराकरण करने की कृपा करें, यदि 07 सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं किया गया तो मजबूरन राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति मुख्यमंत्री निवास पर धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होगी, साथ ही दिल्ली जंतर-मंतर पर भी धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगी।

### ज्ञापन में दर्ज राठौर समाज की 7 सूत्रीय मांग

01- नगर निगम मुरैना के वार्ड क्र19 में वीर दुर्गादास राठौर पार्क के ओर पास बंधने वाली कट्टी की भैसों के अड्डो को हटवाया जाए।

02- नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 19 में वीर दुर्गादास राठौर पार्क के सामने से मदिरा दुकान को हटवाया जाए।

03- किसान जगन्नाथ राठौर की मौजा भोडेरी में जमीन पर पक्की कॉलोनी वनाकर कब्जा कर लिया गया है, स्थानिय प्रशासन द्वारा बटांकन एवं सीमांकन व जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया जा रहा है, जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए उचित कार्यवाही करने की की जावे व उक्त मामले में भू माफियाओं से सांठगांठ के लिए तहसीलदार मुरैना को निलंबित किया जाए।

04- मायाराम राठौर हुराई भुमियां मंदिर पर श्रद्धालुओं के लिए सड़क, पानी, लाइट, टीन सेट आदि जन सुविधाओं की व्यवस्था की जावे एवं हुराई भुमियां मंदिर को धर्मस्व बिभाग में दर्ज कराने के लिए आदेश प्रदान किया जावे।

## क्रीडा भारती ने मनाया नव सम्वत्



**मुरैना ।** खेलों के प्रति समर्पित संस्था क्रीडा भारती मुरैना ने क्रीडा केन्द्र पर नव सम्वत् के अवसर पर खिलाड़ी बच्चों व संस्था के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमी नागरिकों के साथ मनाया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री मणीन्द्र कौशिक ने विक्रम सम्वत्, मास, प्रमुख त्यौहारों और पंचांग के बारे में बताया। साथ ही प्रांतीय मंत्री मनोज तोमर ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए नियमित खेल अभ्यास की महत्ता पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हॉकी कोच एवं क्रीडा भारती के वरिष्ठ पदाधिकारी रामचन्द्र तोमर ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार जैन, उपाध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह परमार, कोषाध्यक्ष एल.के.गुप्ता, मातृशक्ति प्रमुख सुजाता तोमर एवं विशन सिंह, रामदीन परमार, अरविंद सिकरवार आदि दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## 487 शाला परिसरों में माँ की बगिया (न्यूट्रेशन गार्डन) का कार्य पूर्ण

**मुरैना।** स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन के दौरान ताजी सब्जियों का सेवन कराने के मकसद से स्कूल परिसरों में माँ की बगिया (न्यूट्रेशन गार्डन) का कार्य प्रारंभ कराया गया था, इसमें से 487 शाला परिसरों में एक एकड़ से कम उपलब्ध भूमि पर माँ की बगिया (न्यूट्रेशन गार्डन) का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन न्यूट्रेशन गार्डनों में अमरूद, मीठा नीम, पपीता, आलू, टमाटर, भिण्डी, बैंगन, पालक, गोभी, आँवला, लोंकी, करोंदा आदि की पौध लगाकर पूरा गार्डन विकसित किया जाता है। चंबल संभाग के संयुक्त आयुक्त (विकास) राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मुरैना जिले की 888 शाला परिसरों में एक एकड़ से कम उपलब्ध भूमि में ''माँ की बगिया'' (न्यूट्रेशन गार्डन) बनाने की कार्ययोजना बनाई गई है। इसी तरह 87 स्कूल परिसरों में एक एकड़ से अधिक उपलब्ध भूमि पर ''माँ की बगिया'' (न्यूट्रेशन गार्डन) लगाने की प्लानिंग की गई है।

# विधायक कप विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 6 मुरैना का समापन

**मुरैना।** विधायक कप प्रतियोगिता का आयोजन 1 व 2 अप्रैल को खाकी वाली बगिया मुरैना में किया गया, जिसका संभागीय अधिकारी प्रशांत कुशवाह, महावीर पहलवान, राणा पहलवान, जोगिंदर पहलवान के द्वारा अखाड़ा पूजन कर शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में 200 पुरुष पहलवान, 20 महिला पहलवान ने भाग लिया। जिसमें प्रथम विजेता का मुकाबला कृष्णा गुर्जर जयनगर चौखूंटी और रिंकू गुर्जर के बीच खेला गया जो बराबरी पर रहा। तीसरे स्थान के लिए भवानी पहलवान बजरंग अखाड़ा और जयदीप पहलवान मुरैना के बीच खेला गया वह भी बराबरी पर रहा। वहीं पर महिला पहलवानों में प्रथम विजेता शिवानी शर्मा रही व द्वितीय स्थान के लिए सुप्रिया तोमर और रानी पहलवान के बीच कडा मुकाबला हुआ, जिसमें सुप्रिया तोमर विजेता रहीं। तृतीय स्थान के लिए शालू चौहान और सृष्टि जैन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें शालू चौहान ने बाजी मारी। इस अवसर पर पुराने पहलवान खलीफाओं और सहयोगियों का शॉल



व श्रीफल से जिला खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाहा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में विधायक मुरैना राकेश मावई, विक्रम राज मुदगल, राजेंद्र यादव, खेल अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, नरेंद्र तोमर, उपदेश तोमर, अविनाश राजावत, जोगिंदर पहलवान, महावीर पहलवान, संग्राम सिंह पहलवान, राणा पहलवान, सीटू यादव, सुदामा, सत्यवीर के सहयोग से प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।


# पेंशनरों को अब डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करना होगा आसान

## पोस्टमैन जनरेट करेंगे डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र

**मुरैना।** प्रदेश में अस्वस्थ, अति वरिष्ठ पेंशनर्स और परिवार पेंशनरों की सहूलियत के लिये डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की व्यवस्था लागू की गई है। वित्त विभाग ने सभी विभागों को उक्त व्यवस्था से अवगत कराया है। अब पोस्टमैन द्वारा बायोमेट्रिक डिवाइस से पेंशनर का सत्यापन करते हुए डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जनरेट कर जीवन प्रमाण पोर्टल पर अपडेट किया जा सकेगा। अस्वस्थ एवं अति वरिष्ठ पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करने और प्रस्तुत करने के लिये नियत केंद्र या कियोस्क तक पहुँचने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य शासन के पेंशनर और परिवार पेंशनरों के लिये कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुरूप इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिये डोर स्टेप सर्विस सेवा अतिरिक्त विकल्प के रूप में सशुल्क प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। वैकल्पिक व्यवस्था में जीवन प्रमाण-पत्र, पोर्टल के साथ इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक या पोस्ट ऑफिस से संपर्क कर नियत शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन निर्देश जारी

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशानुसार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को सत्र 2021-22 नवीनीकरण अन्तर्गत आवेदनों की स्वीकृत राशि योजना नियमानुसार पूर्ण की जायेगी परन्तु स्वीकृत राशि मे से राज्यांश राशि (40 प्रतिशत) का ही भुगतान पोर्टल के माध्यम से करने के निर्देश है। जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति वर्ग के नवीनीकरण के विद्यार्थियों को अवगत कराया गया है कि वर्तमान में स्वीकृत राशि में से 4 प्रतिशत राशि का ही भुगतान किया गया है। शेष 60 प्रतिशत राशि केन्द्रांश मद में उपलब्ध होने पर भुगतान किया जायेगा।




# आयुष्मान भारत योजना से श्रीमती सुमन की पित्त की थैली का किया ऑपरेशन

**मुरैना।** 21 वर्षीय श्रीमती सुमन का आयुष्मान भारत निरामय कार्ड से पित्त की थैली में स्ट्रॉन होने का ऑपरेशन होने पर श्रीमती सुमन और उनके पति विनोद जाटव काफी खुश है। 21 वर्षीय श्रीमती सुमन ने बताया कि दो-ढ़ाई साल से दर्द होता चला आ रहा था। हम छोटे-बड़े डॉक्टरों की दवा लेते थे। किन्तु ज्यादा समय तक आराम नहीं मिलता था। दर्द के साथ उल्टी और चक्कर भी आते थे। श्रीमती सुमन ने कहा कि इस माह दर्द सहन नहीं हो पाया तो हमने जिला चिकित्सालय में डॉ. योगेश तिवारी से चैकअप कराया। उन्होंने अल्ट्रासाउण्ड करवाया, जांच और अल्ट्रासाउण्ड में कोई कमी नहीं बताई गई, जब बाहर से अल्ट्रासाउण्ड कराया तो पित की थैली में पथरी बताई गई। उसके बाद जांच रिपोर्ट डॉ. विक्रम



सक्सेना को दिखाई तो उन्होंने 22 मार्च को श्रीमती सुमन को जिला अस्पताल में भर्ती कर लिया और 24 मार्च को पित्त की थैली का ऑपरेशन किया गया। इस उपचार के दौरान जितना भी खर्च आया उसकी भरपाई श्रीमती सुमन से न करते हुये उसके पास उपलब्ध आयुष्मान भारत निरामय कार्ड से की गई। श्रीमती सुमन ने कहा कि मैं एक गरीब परिवार की महिला हूं। मेरे पति मजदूरी करते है, मेरे पास इतने पैसे नहीं थे कि हम डॉक्टर की फीस और दवाईयों का खर्चा उठा पाते। अगर यही ऑपरेशन प्रायवेट अस्पताल में कराते तो 50 हजार रूपये तक का खर्चा आता और पलंग खर्चा भी। जो हमें कहीं से उधार लेना पड़ता और हम कर्जा नहीं चुका पाते तो हमारी हालत क्या होती। इसे हम बयान नहीं कर सकते कि हमारी इतनी गरीबी हालत में आयुष्मान योजना के द्वारा सरकार ने हमारी मदद की। मैं यहां अपने परिवार सहित डॉक्टर विक्रम सक्सेना और सरकार का बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं कि आज मुझे सरकार द्वारा उपचार के लिये मदद मिली। अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो हम आयुष्मान भारत निरामय योजना का लाभ नहीं ले पाते।

# स्वास्थ्य अधिकारियों को बिना सूचना के करा डाली नर्सिंग परीक्षा

## - 9 लोगों को सीएमएचओ ने भेजा नोटिस, अवैध रूप से आयोजित हुई परीक्षा

**मुरैना।** शुक्रवार को नर्सिंग कॉलेजों में आयोजित परीक्षा को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अवैध माना है और बताया कि इसकी सूचना किसी को नहीं दी गई है। इसकी जानकारी नर्सिंग रजिस्टार भोपाल से मंगाई गई है कि किसकी अनुमति से यह परीक्षा आयोजित हुई है। रविवार को सीएमएचओ द्वारा नर्सिंग कॉलेज संचालकों को बुलाया गया, जिनमें से 6 लोग उपस्थित हुए और 9 लोगों को नोटिस भेजे गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राकेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 1 अप्रैल को नरसिंह परीक्षा शहर के कुछ नर्सिंग कॉलेजों में आयोजित की गई थी, जिसकी कोई सूचना सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को नहीं दी गई। यह परीक्षा अवैध तरीके से आयोजित हुई है। उन्होंने नर्सिंग रजिस्टर भोपाल से इसकी जानकारी मांगी है और वहां से कुछ नाम उन्हें मिले हैं। उनके द्वारा एग्जाम आयोजित करने वालों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस मामले में उनके द्वारा 9 लोगों को नोटिस भेजे गए हैं



तथा सिविल सर्जन को निर्देशित किया गया है कि वह कोतवाली में अवैध तरीके से हुई इस परीक्षा की सूचना दें। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल को परीक्षा आयोजित हुई थी, जिसमें नर्सिंग छात्रों एवं छात्राओं द्वारा खुलेआम नकल की गई, जिसके वीडियो टीवी चैनलों पर भी चले, इससे पूरे प्रदेश में खलबली मच गई। अब यह मामला शासन प्रशासन की नजर में आया है और वह अपने स्तर से कार्रवाई में जुटे हुए हैं।

# जिले में भू-माफियाओं के विरूद्ध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही जारी





## करोड़ों की शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** कलेक्टर श्री अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में भू-माफियाओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है और शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा रहा है। रविवार को भी जिले में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। शिवपुरी प्रशासन ने बडी कार्यावही को अंजाम दिया है। ग्राम सतनवाड़ाखुर्द हाईवे से लगी शासकीय भूमि पर साबिर खान द्वारा अबैध रूप से अतिक्रमण कर ग्राम सतनवाड़ाखुर्द में नेशनल हाईवे से लगी करोड़ों की भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था। पूर्व में अतिक्रमण हटाए जाने के लिए नोटिस भेजा गया था परंतु सम्बंधित द्वारा शासकीय भूमि से अपना अतिक्रमण नहीं हटाया गया। नेशनल हाईवे से लगी लगभग 7 बीघा बेशकीमती जमीन लगभग एक करोड़ 30 लाख की कीमत है जिसे पुलिस एवं प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मुक्त कराया गया है। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार दिलीप कुमार द्विवेदी, थाना प्रभारी सतनवाड़ा अरविंद, हल्का पटवारी स्वाति माथुर पटवारी मातादीन मित्तल एवं अन्य पुलिस बल द्वारा उपस्थित रहकर जेसीबी के माध्यम से संपूर्ण अतिक्रमण हटाया गया।शासकीय भूमि की कीमत लगभग एक करोड़ 30 लाख बताई गई है।

# विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन की अंतिम तिथि आज

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-गुना सैनिक कल्याण कार्यालय में पंजीकृत भूतपूर्व सैनिकों से अधीक्षक, सहायक ग्रेड-दो एवं भृत्य के पद हेतु 04 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी विभाग की वेबसाइट www.rsbmp.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आईएन) सत्यप्रकाश श्रीवास्तव(से.नि.) ने बताया कि संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों में अधीक्षक के लिए एक अनारक्षित एवं एक अन्य पिछड़ा वर्ग, सहायक ग्रेड-दो के लिए एक अनारक्षित एवं एक अनुसूचित जनजाति तथा भृत्य के लिए दो अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों के लिए भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन 04 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। भूतपूर्व सैनिक अपना आवेदन जिला सैनिक कल्याण कार्यालय गुना में डाक के माध्यम से 04 अप्रैल 2022 तक भेजना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट घायलों की मदद के लिए कांगेस नेता पार्थ सिंह पहुंचे

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजलि टुडे**

**टीकमगढ़।** जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में लाठी-डंडे चलने की खबर सामने आई है यह मामला कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम महाराजपुरा का है जहां पर बताया गया है कि खेत पर फरियादी नत्थू कुशवाहा फसल बोए थे सरपंच ने कहा यह जमीन उसने खरीद ली है यह फसल उसकी है इसको लेकर विवाद हो गया जिसमें लाठी को लाठी-डंडों से सरपंच ने हमला कर दिया जिससे लहूलुहान होकर चारों लोग घायल हो गए महाराजपुरा में सरपंच रमेश रेकबार की दबंगई कुल्हाडी लाठी डंडो से की मारपीट का मामला सामने आया है मारपीट में नत्थू कुशवाहा 56 नंदकिशोर कुशवाहा,30 श्रीमती गणेशी कुशवाहा 50 श्रीमती रीना कुशवाहा 28 गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है जिसकी जानकारी लगते ही कांग्रेसी युवा नेता पार्थ सिंह घायलों को लेकर कोतवाली पहुंचे जहां मामला सरपंच के खिलाफ दर्ज कराया पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है उक्त मामले में जो घटना सामने आई है उसको लेकर कांग्रेसी नेता पार्थ सिंह द्वारा न्याय की गुहार लगाई गए हैं और कहा गया है कि वह हमेशा ऐसे लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिन्हें दबंग लोग दबंगई कर उन्हें प्रताड़ित करते हैं।

## असामाजिक तत्वों द्वारा फिजिकल क्षेत्र में लगाई आग सैकड़ों पेड़ जलकर हुए राख



**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शहर के फिजीकल क्षेत्र में स्थित फिजीकल ग्राउंड में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा दी गई। यह आग इतनी भड़की कि ग्राउंड में लगे सैकड़ों पेड़ों को नुकसान हो गयाँ बता दें कि मध्यप्रदेश का एक मात्र शासकीय फिजीकल कॉलेज होने के बावजूद भी यहां का स्टाफ सुस्त पड़ा हुआ है। ग्राउंड व कॉलेज की जमीन पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर व्यवसायिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। अगर बात करें रख रखाव कि तो यहां स्टाप की ओर से कोई जिम्मेदार नहीं है ताज्जुब कि बात यह है कि 50 से 60 मीटर कि आग का धुंआ भी किसी कर्मचारी को दिखाई नहीं दिया।


# पुरानी पेंशन कर्मचारियों के लिए सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा का कवच हैं : जनक सिंह रावत

## शेयर मार्केट के उतार-चढ़ाव से कर्मचारी डर मैं,पुरानी पेंशन मिले

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** न्यू मूवमेंट फ़ॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक जनक सिंह रावत ने कहा कि एक सरकारी कर्मचारी 30-35 वर्षों तक सेवा करता है और सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के आधार पर जीवन व्यतीत करता है। प्रत्येक निर्वाचित सरकार का यह कर्तव्य है कि यह सुनिश्चित करें कि उसके कर्मचारी आर्थिक,सामाजिक सुरक्षा की भावना के साथ जीवन निर्वाह करें ताकि वे भी सुशासन में मूल्यवान योगदान दे सके।

न्यू पेंशन योजना सरकारी कर्मचारियों के सामाजिक,आर्थिक आधार को पारिवारिक पेशन, ग्रेच्युटी एवं वर्तमान और सेवानिवृत्ति बाद की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रही हैंद्य सेवानिवृत्ति का कोष शेयर बाजार के हवाले हैं ,शेयर बाजार जब आधे मुह गिरता है, तो कर्मचारियों की धड़कने बढ़ जाती हैं और उनकी सामाजिक सुरक्षा पर जोखिम के बादल मंडराने लगते हैं। सेवानिवृत्ति के पश्चात कर्मचारी को देय पेंशन की राशि पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस कारण पूरे देश में कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना है। यदि नवीन पेंशन प्रणाली इतनी ही अच्छी और पवित्र है तो फिर द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग ने फरवरी 2020 की अपनी रिपोर्ट में न्यायिक सेवाओं में एन.पी.एस. लागू नहीं करने की अनुसंशा क्यों की गई।कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए पेंशन अधिनियम 1972 लागू किया गया, न्यू पेंशन स्कीम इसके विपरीत हैं एवं सीएजी की रिपोर्ट के पैरा 3.9 में लिखा है कि न्यू पेंशन योजना लागू होने के 15 वर्षों के बावजूद राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने 20 दिसम्बर, 2021 को केंद्र सरकार से समिति गठित करने के लिए कहा है। लेकिन सरकार की मंशा साफ नहीं है द्य संघ केन्द्र सरकार,एवं मध्यप्रदेश सरकार से मांग करता हैं कर्मचारियों के आर्थिक,सामाजिक समानता के लिए पुरानी पेंशन बहाल करे द्य





## प्रभारी मंत्री टीकाराम जुली को जेतपुरा से नाडोल 30 किमी मुख्य सड़क को स्टेट हाईवे घोषित करने के को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे पाली । राजस्थान**

**पाली देसूरी।** सोनाणा खेतलाजी मेले में पधारे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग केबिनेट मंत्री एवं पाली प्रभारी मंत्री टीकाराम जुली से नारलाई रावला पैलेस में पंचायत समिति सदस्य संजू कवर रविंद्रसिंह मेड़तिया ने मुलाकात कर जेतपुरा चौराहा से वाया खोड़, जवाली ,नाडोल तक 30 किमी मुख्य सड़क को स्टेट हाईवे घोषित करने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रभारी मंत्री जूली, मारवाड़ विधायक खुशवीरसिंह जोजावर, सिरोही विधायक संयम लोढ़ा ने पूरा भरोसा दिलाया की जेतपुरा चौराहा से वाया खोड़ जवाली ,नाडोल तक 30 किमी सड़क जल्द से जल्द स्टेट हाईवे घोषित कर दी जाएगी। वहीं समाजसेवी मेड़तिया ने बताया कि यह सड़क पाली जिले के कई पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है साथ ही इससे जुड़े हुए गांवो के लोगों को लाभ मिलेगा।

## पंचायतों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 4 अप्रैल को

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियमों के तहत पंचायतों के आगामी निर्वाचन के मद्देनजर एक जनवरी 2022 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण वर्ष 2022 की तैयारी हेतु कार्यक्रम जारी किया है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायतों की फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन 4 अप्रैल को ग्राम पंचायत एवं विहित स्थानों पर किया जायेगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा विहित केन्द्रों पर 4 अप्रैल से 11 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 16 अप्रैल तक किया जायेगा। दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद फोटोयुक्त अंतिम सूची का प्रकाशन संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 25 अप्रैल को ग्राम पंचायतों एवं विहित स्थानों पर किया जायेगा।

# आम आदमी पार्टी ने नरवर नगर परिषद में चलाया सदस्यता अभियान







**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी की तहसील नरवर से है जहां छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष में आज आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत और युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अंकित धाकड़ संभागीय अध्यक्ष जीतेंद्र जैन की अध्यक्षता में नरवर नगर परिषद मैं सदस्यता अभियान रखा गया जिसमें लगभग ढाई सौ लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली और आम आदमी परिवार का हिस्सा बने शिवपुरी जिले की सभी नगर परिषद मैं आम आदमी पार्टी शिवपुरी का सदस्यता अभियान हर हफ्ते रेगुलर चलाया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर आम आदमी पार्टी को जिले में और प्रदेश में मजबूत कर अपना वर्चस्व जान बढ़ाने का मौका जिले के और प्रदेश के कार्यकर्ताओं को मिलेगा जैसा कि आम आदमी पार्टी ने हाल ही में हरियाणा में अपनी एक मजबूत सरकार बनाई है ऐसे ही वह देश के हर प्रदेश में अपनी सरकार बनाकर मजबूत स्थिति में हो उभरना चाहती है।

# अवैध निर्माण के बीच में फसा मेडिकल कॉलेज नगर पालिका सीएमओ बेखबर





**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के पास से है जहां पर मेडिकल कॉलेज से सटी दीवार के पास शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण हो रहा है यहां पर स्थानीय लोगों द्वारा अपनी टपरिया डाल दी गई है जिनमें स्थानीय लोगों द्वारा दुकानों को संकलित किया जा रहा है यह जमीन शासकीय है पर प्रशासन द्वारा यहां पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है अतिक्रमण पर प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है प्रशासन द्वारा शिवपुरी जिले में जगह जगह पर अतिक्रमण को हटाया जा रहा है पर शिवपुरी मेडिकल कॉलेज के पास जो अतिक्रमण हो रहा है उस पर यातायात पुलिस व नगरपालिका के कोई भी अधिकारी का कोई ध्यान नहीं है आपको बता दें कि यहां पर काफी समय से यहां के स्थानीय लोगों द्वारा दुकानों को संचालित किया जा रहा है पर प्रशासन यहां पर कोई भी कार्रवाई करने में नाकाम दिखाई दे रहा है

**अतिक्रमण की वजह से सड़क हो रही है आधी:** यहां पर अतिक्रमण होने की वजह से दुकानों पर जो ग्राहक आते हैं उनके द्वारा सड़क पर ही अपनी गाड़ियों को पार्क किया जाता है जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी होती है और अतिक्रमण होने से सड़क केवल आधी रह गई है मगर प्रशासन यहां पर अभी कोई ध्यान नहीं दे रहा है

**क्या कर रही है नगरपालिका और कहां है उनके सीएमओ साहब:** सवाल यह खड़े होते हैं कि प्रशासन को यहां के अतिक्रमण के बारे में कोई जानकारी नहीं है या फिर प्रशासन अतिक्रमण धारियों पर कोई कार्यवाही नहीं करना चाहत है ? अगर प्रशासन को इस अतिक्रमण की जानकारी है तो प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं की गई है? क्या नगर पालिका सीएमओ सिर्फ उन्हीं जगह पर कार्रवाई करता है जहां पर लोगों का आना जाना ज्यादा होता है या फिर सीएमओ साहब यह बताना चाहते हैं कि वह नगरपालिका अपने ऑफिस में ना बैठते हुए दिन रात अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही कर रहे हैं तो फिर यह अतिक्रमण उनकी देखरेख में पल रहा है क्या इस पर सीएमओ साहब किसी प्रकार की कोई जानकारी मीडिया से ना बात करते हैं ना ही मीडिया का फोन उठाते हैं इसकी जवाबदारी नगर पालिका सीएमओ की है जो कि हर खबर से बेखबर रहते हैं



## सूचना का अधिकार का उलंघन, नहीं दी जा रही जानकारी

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

जिले के शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्याल वारासिवनी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम का उलंघन किया जा रहा है , सूचना का अधिकार 2005 का केशरी नंदन नगपुरे और नितेश उपवंशी द्वारा बताया गया की उनके द्वारा 26 फरवरी 2022 को महाविद्याल में सूचना का अधिकार धारा 6(1), व 6(3) के तहत 9 बिंदिओ पर सूचना का अधिकार लगाया गया था, जिसमे ज्यादातर जानकारी महाविद्याल में विधिक संकाय के लिए बुक्स और खेल सामग्री के लिए थी, जो की महाविद्याल द्वारा आसानी से दी जा सकती थी और सभी सूचनाएं महाविद्याल से जुड़ी हुई थी, परन्तु महाविद्याल द्वारा सूचना नहीं दी गए यह कहा की वांछित जानकारी विशिष्ट पूर्ण ना होना , विस्तृत होना , एक से अधिक विषयों की जानकारी होना कहके जानकारी नहीं दी गई और सूचना के अधिकार का उलंघन किया गया। महाविद्याल भ्रष्टाचार को छुपा रहा है ।इनके द्वारा बताया गया की इन्होंने सूचना के अधिकार की धारा 6(3) का भी आवेदन में उल्लेख किया था अगर सूचना संबंधित विभाग से नहीं रहती तो उसे 5 कार्य दिवस में हस्तांतरित किया जा सकता था, परन्तु महाविद्याल द्वारा ऐसा नहीं किया गया और सूचना देना से साफ इंकार किया गया । नितेश उपवंशी द्वारा बताया गया की अब वे सूचना के अधिकार प्रथम अपील अधिकारी बालाघाट जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्याल में अपील करेंगे।

## संघर्ष समिति व चौराहा द्वारा ज्ञापन देकर किया धरना समाप्त



**मोनू बाथम**


**गोहद**-गोहद चौराहा जन संघर्ष समिति द्वारा 30 मार्च 2022 से नगरपालिका कार्यालय के बाहर नगर में फैली समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा था जो कि 30 मार्च से निरंतर चलता रहा जिसे आज 3 अप्रैल को 11 सूत्री मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन देते हुए धरना समाप्त किया गया कार्यक्रम के संयोजक विष्णु शर्मा द्वारा गोहद चौराहा वार्ड नंबर 17 और 18 में घरों में भर रहे पानी की समस्या को निजात दिलाने के लिए नाले नालियां प्रधानमंत्री आवास की किस्त जारी करना गोहद चौराहे पर सुलभ कंपलेक्स नालियों का निर्माण समग्र आईडी आदि समस्याओं को लेकर सीएमओ को ज्ञापन दिया और धरना समाप्त किया इस अवसर पर विष्णु शर्मा के साथ प्रमोद शुक्ला तहसील साह सहित लगभग एक दर्जन कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दतिया जैसे की आप सभी को पता है गर्मी का मौसम आ चुका है और गर्मी के मौसम में क्या क्या सावधानी बरतनी है उस का विशेष ध्यान रखें

**डॉक्टर जेपी साहू एमडी होम्योपैथिक फिजीशियन पता रघुनाथ होटल के नीचे पीतांबरा मंदिर के ठीक सामने मोबाइल नंबर**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया ।** डॉक्टर जेपी साहू ने बताया कि जैसे कि आप सभी जानते हैं कि गर्मी और लू की समस्या से कैसे बचाव करें पानी पीना बहुत




जरूरी होता है जितना ज्यादा पानी पिएंगे उतना ज्यादा स्वस्थ आप रहेंगे जब भी आप घर से बाहर किसी भी काम से निकले तो हर संभव कोशिश कीजिएगा कि आप पानी पीकर निकले और अधिक से अधिक फलों का सेवन ज्यादा करें और गर्मियों के मौसम में कोशिश करें और ज्यादा टाइट कपड़े ना पहने और सूती कपड़ों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें खाली पेट कभी घर से बाहर ना निकले और ज्यादा देर तक भूखे रहने से बचें घर से पानी या कोई ठंडा शरबत पीकर निकले जैसे कि आम का पना शिकंजी नींबू पानी साथ में पानी की बोतल लेकर अवश्य चलें लू लगने के लक्षण कुछ आपको बताए जाते शरीर में गर्मी खुश्की और थकावट महसूस होने लगती है और कई बार तेज बुखार भी आ जाता है ब्लड प्रेशर लो हो जाता है और लिवर और किडनी मैं सोडियम पोटेशियम का बैलेंस बिगड़ जाता है ऐसे में बेहोशी भी आ सकती है।

# अंबाह मैं पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर की बड़ती कीमत के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**गणेश शंकर राजौरिया पुष्पांजली टुडे**

**अंबाह।** अंबाह नगर मैं रविवार को नगर पालिका चौराहा पर कांग्रेस नेता श्री उमाचरण कटारे जी के नेतृत्व में पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस सिलेंडर महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता महंगाई मुक्त भारत नाम से देश के सभी शहरों व तहसील स्तर पर प्रदर्शन कर रहे हैं. इसी कड़ी में कांग्रेसियों ने अंबाह तहसील के नगर पालिका चौराहे पर विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान कांग्रेस नेता श्री उमाचरण कटारे जी ने कहा कि महंगाई से पूरा देश चिंतित है, पेट्रोल के दाम आसमान छू रहे हैं, 150 रुपये प्रति लीटर के पार जा सकते हैं...हम सरकार को कीमतें कम करने के लिए प्रयास करते रहेंगे श्री उमाचरण कटारे ने केंद्र सरकार की इस प्रकार की कार्यशैली व नीतियों की जमकर आलोचना की. कहा कि देश में महंगाई आसमान छू रही है. बेरोजगारी दर दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है. केंद्र सरकार हर मोर्चे पर विफल हुई है. रोजमर्रा की चीजों के दामों में आग लगी हुई है. पेट्रोल-डीजल के दामों पर भी सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है बड़ती गैस सिलेंडरों की कीमतों ने घर की महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ दिया है



पिछले 10 दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम 9 गुना बढ़ चुके हैं। जब पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं तब हर चीज के दाम बढ़ते हैं। जब दुनिया में कच्चे तेल के दाम सबसे कम थे, तब भी यह सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा रही थी। 101 रुपये का तेल भराने में 48-52 रुपए सरकार के पास एक्साइज टैक्स के रूप में जा रहे हैं।

### बता दें कि पेट्रोल की कीमत मुंबई में 116.72 रुपए प्रति लीटर

दिल्ली में पेट्रोल 101.81 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 107.45 रुपए, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 111.35 रुपए प्रति लीटर है।

### महंगाई की मार से आम आदमी बेहाल है

कांग्रेस नेता उमाचरण कटारे जी के नेतृत्व में बढ़ती मंहगाई के विरोध रेली निकाली कांग्रेस नेता बृजकिशोर सखवार,अजय ठेकुले ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस, दीपक शर्मा जिला अध्यक्ष मुरैना, आशूराणा ,महेशविकल ,बालिस्टर सिंह तोमर, तरणेश तोमर, अखिलेश शर्मा

## दबोह आएगा स्वच्छता में अब्बल: खेंगर

### नगर परिषद ने निकाली स्वच्छता अभियान रैली

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**-स्वच्छ भारत स्वथ्य भारत अभियान के चलते नगर दबोह को स्व्च्छता की श्रेणी में अब्बल लाने के लिए नगर परिषद दबोह द्वारा भरकस प्रयास किया जा रहे है।जिसमे अहम भूमिका के रूप में स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर अहम भूमिका निभा रहे





हैं।शुक्रवार को स्वच्छ भारत स्वथ्य भारत अभियान के चलते नगर परिषद दबोह ने सफाई कर्मियों सहित रैली निकाली जिसमे नगर परिषद अधिकारी बाबूलाल कुशवाह सहित स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर व उपयंत्री हरिप्रताप प्रमुख रूप से मौजूद रहे।यह स्वच्छता अभियान की रैली नगर परिषद कार्यालय से शुरू हुई मुख्य बाजार कोंच रोड होती हुई सम्पूर्ण नगर में पहुंची।रैली के दौरान मौजूद सीएमओ बाबू लाल कुशवाह व स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर ने दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा फेंके गए कचड़े को डस्टबिन में डालने की बात कही।श्री खेंगर ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि अपनी अपनी दुकानों पर डस्टबिन रखें और दुकानों से रोजाना निकलने वाला कचड़ा अपने अपने डस्टबिन में ही डालें जिससे को गन्दगी न फैले और नगर व गली मोहल्ले साफ व स्वच्छ रहें।देखा जाए तो जिस तरह से नगर परिषद व स्व्च्छता नोडल प्रभारी एन आर खेंगर प्रयास कर रहे हैं उस तरह से नगर स्व्च्छता की श्रेणी में जरूर अब्बल आएगा।श्री खेंगर ने दबोह नगर की आमजनता से भी मीडिया के माध्यम से अपील की है कि सभी लोग घरों से निकलने वाला कचड़ा अपने आने घरों के रखे डस्टबिन में एकत्रित कर सुबह आने बाली कचड़ा गाड़ी में ही डाले।इस दौरान नगर परिषद के सभी कर्मचारी व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# आजादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम हुआ आयोजित

**मोनू बाथम**

**गोहद**-आज आजादी के अमृत महोत्सव विषय को लेते हुए ग्वालियर मालनपुर ब्रह्माकुमारी आश्रम में बहुत सुंदर कार्यक्रम किया गया जिस कार्यक्रम में भारत की आजादी के 75 वर्ष के ऊपर प्रकाश डाला गया बताया गया कैसे शहीदों ने अपना सबकुछ लगाकर भारत को आजाद किया हमको अपने भारत की आजादी को बनाए रखने के लिए अपने



जीवन को बुराइयों से मुक्त करना है इसके लिए सभी ने प्रतिज्ञा की कि हम रोज अपने जीवन को ईश्वरी ज्ञान से भरपूर करेंगे परमात्मा शक्ति से भरपूर करेंगे और अपने जीवन को अपने वातावरण को परिवार को स्वच्छता का परिसर बनाएंगे व्यसन मुक्त क्रोध मुक्त तनाव मुक्त बनेंगे वृक्षारोपण करके अपने वातावरण को भरा पूरा बनाएंगे इस कार्यक्रम में ग्वालियर के वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे मुरैना के वरिष्ठ नागरिक मोहनलाल वर्मा जी उपस्थित रहे तथा संस्थान की संचालिका ज्योति बहन ने सभी भाई बहनों को प्रतिदिन ईश्वरीय ज्ञान सुनने पर जोर दिया एवं ध्यान करने के लिए आग्रह किया बामोर कला से पधारे ब्रह्मा कुमार मुकेश भाई ने सभी को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया एवं कंचन भावना मैंने सांस्कृतिक कार्यक्रम करके कार्यक्रम में चार चांद लगाया कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमार महेश भाई ब्रह्मा कुमार सतनाम भाई एवं वरिष्ठ बहने उपस्थित रहे अंत में सभी को ब्रह्मा भोजन कराया गया

# धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा का जिलाध्यक्ष सीएल सैनी ने किया स्वागत

**(माली)** समाज सवाईमाधोपुर के नेतृत्व में सैनी समाज द्वारा गहलोत ट्रैक्टर्स गंगापुर सिटी में भव्य स्वागत किया और इस अवसर पर पूर्व सरपंच मदन मोहन सैनी ने विधायक से निवेदन किया कि आने वाले 2023 में समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिले इसकी बात आप पार्टी के पदाधिकारियों के सामने रखें



समाज के लोगों ने कई सामाजिक मुद्दों पर वार्तालाप की राजस्थान में चल रही सैनी समाज की 11 सूत्रीय मांगों पर विचार विमर्श कर आगे की रूपरेखा तैयार करने की चर्चा की युवा नेता राजेंद्र गंगाजी कोठी ने बताया कि विधायक कुशवाहा जी समाज ही नहीं अपितु सर्व समाज के हर दुख सुख में हमेशा साथ रहती है। समाज बंधुओ ने 14 अप्रैल को जिलाध्यक्ष सीएल सैनी की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण एवं संभाग स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में आने के लिए विधायक कुशवाहा जी से आग्रह किया कुशवाहा जी ने प्रोग्राम में शिरकत करने का पूर्णता भरोसा दिया इस अवसर पर श्री मोहनलाल ठेकेदार तहसील अध्यक्ष,उपेंद्र कुशवाहा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (भाजपा), महेश जनरल मैनेजर गहलोत ट्रैक्टर्स,प्रीतम प्रॉपर्टी डीलर,फतेह सिंह प्रॉपर्टी डीलर, घनश्याम डायरेक्टर, मानसिंह बंदरपुरा पप्पू मुंशी ,लड्डूराम अध्यापक भरतलाल हबीबपुर, कमल खानपुर बड़ौदा , शिवचंरण,कैलाश गंगाजी कोठी बबलू महूकला,रामकेश सलारपुर , घनश्याम पेमापुरा, राज मिर्जापुर, टोनी महुकला, के आर गंडाल, रिंकू जाट बड़ौदा,सीताराम डावर, धारा जलोखरा,आदि कई समाज बंधु मौजूद रहे।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह के अध्यक्ष उमाचरण कटारे के नेतृत्व में पेट्रोल,डीजल,रसोई गैस आदि का किया बिरोध...

**केशब पडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह** ... खान पान सामग्री पर बढ़ी हुई बेतहाशा मॅंहगाई को देखते हुए केंद्र सरकार और प्रदेश की शिवराज सरकार के खिलाफ नगर की श्री राम



वाटिका से रैली निकालकर पूरे नगर में भ्रमण कर नगर पालिका चौराहा पर धरना दिया गया जिसमें दिमनी विधायक रवीन्द्र सिंह तोमर ,मुरैना शहर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पूर्व विधायक सत्यप्रकाश सखवार,उदयवीर तोमर,बलवीर तोमर,अजेंद्र तोमर, बालिस्टर तोमर, मदन मोहन शर्मा,देवेंद्र सिंह तोमर, माधो सखवार,बीरेंद्र सखवार,सौरव सोलंकी,अंकुर मावई, सुधीर मावई,महेश जैन विकल, रघुराज ठेकुले,देवेंद्र सखवार, पुरुषोत्तम कपासिया आशीष दीक्षित,ब्रजकिशोर सखवार,राजवीर तोमर,अजय ठेकुले,अखलेश शर्मा,आशु राणा,हारून खान,यादवेंद्र उपाध्याय,तरुणेश तोमर,शिवनारायण सखवार,दुर्गाप्रसाद सखवार, सुनील शर्मा खलील खान,शेरा तोमर, ग्रीश सखवार,राहुल सिंह,अनुरूध्द शर्मा, साबिर खान,मोनू,रिशु शर्मा,जितेंद्र सिंह,कई कांग्रेसी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने मनाई वीर शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा धनवंतरी कॉन्प्लेक्स पर वीर शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें युवा मोर्चा के



कार्यकर्ता द्वारा वीर शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित किए और वीर शिवाजी महाराज के जयघोष नारे लगाए। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक, अभिषेक मिश्रा, गोपाल राजावत भारौली, रिंकू भदौरिया, अमित चौधरी, आकाश पुरोहित, धर्मवीर बघेल, पुष्पेंद्र भारौली, लव कुश परिहार, सौरभ जैन, अंकित शर्मा, मोनू भदोरिया अहेती, आलोक लहरिया, हरिकिशन चौधरी, अतिराज नरवरिया, संजय श्रीवास, शिखर समाधिया, प्रतीक पांडे, गोपाल सोनी, अंकित, अविनाश राजावत, टीनू भारौली, राहुल राजावत आदि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पुलिस की सायबर सेल ने तीन माह मे खोजे 10 लाख रूपये कीमत के 47 मोबाईल मोबाईल वापस मिलने पर मोबाईल मालिकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**दतिया** पुलिस अधीक्षक दतिया श्री अमन सिह राठौर को मोबाईल गुम होने सबंधी आवेदन लगातार प्राप्त हो रहे थे। दतिया पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आवेदनो पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें ट्रेस करने हेतु अति. पुलिस अधीक्षक श्री कमल मोर्य को निर्देशित किया । अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा दतिया सायबर सैल टीम को गुम हुये मोबाईलो को ट्रेस कर शीघ्र बरामद करने हेतु लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशो के परिपालन मे निरी. रामबाबू शर्मा द्वारा मोबाईल गुम होने सबंधी प्राप्त आवेदनो पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विभिन्न कंपनियो के मोबाईलों को ट्रेस कर बरामद किया गया । सायबर सेल की टीम ने माह जनवरी -फरवरी- मार्च 2022 मे लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 47 मोबाईल




बरामद किये जो कि वनप्लस ,रेडमी ,रियलमी, वीवो, ओप्पो, एमआई, सैमसंग, ऑनर आदि कंपनियो के है । जिनको आज दिनाँक 01.04.2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे सेल आयोजित कांफ्रेन्स मे दतिया पुलिस के अधिकारियो व सायबर की टीम द्वारा मोबाईल मालिकों को सुपुर्द किया गया । बरामद किये गये उक्त मोबाईल धारको मे कुछ ऐसे लोग ऐसे थे जो मोबाईल गुमने के समय से नया मोबाईल नही खरीद पाये एवं कुछ लोगो ने मोबाईल श्रस्द्ध पर खरीदा था ।।मोबाईल मिलने पर 29 वी बटालियन मे तैनात उनि. जगदीश सिह ने बताया कि एक वर्ष पूर्व ड्यूटी से लौटते समय मोबाईल गुम हो गया था जो आज सायबर सेल की मदद से वापस मिला है । इसी क्रम मे ग्रहणी श्री मति सुधा दुबे नि. नजरबाग दतिया ने बताया कि लगभग 1 वर्ष पहले पीतांम्बरा मंदिर मे दर्शन करते समय मोबाईल गुम हो गया था एवं मेरे लडके चन्द्रकांत का 25000 कीमती मोबाईल दतिया बाजार मे गुम हो गया था जो मुझे सायबर सेल की मदद से मिल गया है । दतिया शहर मे रहने वाले दिव्यांग धर्मेन्द्र सोनी ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व मेरा मोबाईल सव्जी मंडी मे गुम हो गया था जो सायवर सेल ने मुझे मेरा मोबाईल वापस किया तो अत्यंत खुशी हुयी ।सभी मोबाईल धारको द्वारा पुलिस अधिकारियो एवं सायबर सेल की टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया द्वारा सायबर सेल की टीम को उक्त सराहनीय कार्य हेतु उचित पुरूस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है । मेहनत एवं लगन से उक्त मोबाइलों की रिकवरी मे नि. रामबाबू शर्मा , सउनि संजीव गौड ,आर. अनिल वगैरिया,आर. कृष्णकांत ,आर. शुभम यादव, आर. वीरेन्द्र ओझा का सराहनीय योगदान रहा ।

# बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु बाल विकास वर्ग आवश्यक : डॉ. प्रतिमा

### खेल -खेल में संस्कार ग्रहण कर रहे बच्चे

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

भिण्ड। वि.हि.प. के दुर्गा वाहिनी / मातृशक्ति दुवारा 10 दिवसीय बाल विकास वर्ग संचालित किया जा रहा है । जिसमें बच्चे बड़े उत्साह से सहभागिता कर रहे है । इस वर्ग में बच्चे सच्चा वीर बना दे माँ ÷ गीत राष्ट्रभक्ति गीत , भजन का नित अभ्यास करते हैं । अंताक्षरी , चित्रकला , रंगोली , प्रेरणादायी बोधकथा के साथ - साथ खेलों का अभ्यास भी बच्चे कर रहे हैं । हम जिस शहर में रहते हैं ÷भिण्ड ÷ नगर के प्रति हमारे की भिण्ड नगर को नम्बर 1 पर लाने के लिए हमारे प्रयाशों में स्वच्छता , जल बचाना गौ माता को रोटी , चिड़ियों को दाना पानी सामाजिक % समरस जीवन जीने की कला , बड़ो के प्रति व माता पिता के प्रति बच्चों के कर्तव्य उनका सम्मान करना ऐसे कई प्रकार के संस्कार



बच्चों को सिखाकर उनकी प्रतिभा प्रदर्शन हेतु % झुक्कड नाटक ÷ भी बच्चो द्वारा प्रस्तुत किया गया जिससे हम भिण्ड नगर को स्वच्छ व सुरक्षित कर नम्बर 1 पर ला सकते है। यह संदेश इस नाटिका दवारा दिया गया इस वर्ग प्रतिदिन 2 घण्टे के लिए एकत्रित होकर खेल -खेल में संस्कार ग्रहण कर रहे हो। इस वर्ग में मातृशक्ति जिला संयोजिका कल्पना सोनी जी दुर्गावाहिनी, जिला संयोजिका प्रियांशी जी महिमा जी व मुन्नी द्ववारा यह वर्ग संचालित हो रहा है । वर्ग का उद्घाटन केन्द्रीय मन्त्री मीनाक्षी ताई विश्वे जी व संगीता ताई गोखले , प्रान्त उपाध्यक्ष विहिप अर्चनाजी शिकरवार व अन्य दुर्गा वाहिनी / मातृशक्ति की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

# जल सरंक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आबश्यक्ता है: मंत्री भदौरिया

**संतोष सिंह भदोरिया**

**पुष्पांजली टूडे**



**गोरमी।** सर्कल के ग्राम अक्लोनी के तालाब वाले हनुमान मंदिर प्रांगड़ में आयोजित जल अभिषेक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया एवं बिसेष अतिथि के रूप में जनपद सीईओ अतुल कांत सकसेना नायव तहसीलदार शिवदत्त कटारे उपस्थित थे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा मां वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ओ पी एस भदौरिया ने कहा वर्तमान समय में जल संरक्षण की बेहद आवश्यकता है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने हर व्यक्ति से जल संरक्षण में अपनी भूमिका तय करने की अपील की है आज अगर हम जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो हमारी आने वाली पीढ़ियां पाने के लिए तरस जाएंगे इसीलिए हमारी प्रदेश सरकार ने हर जिले में उत्सव तालाब बनाने की घोषणा की है अगर जरूरत पड़ी तो उससे अधिक भी तालाब बनाए जाएंगे आज मुझे बेहद खुशी है की हनुमान मंदिर के तालाब का जीर्णोद्धार होने जा रहा है इससे गांव की सुंदरता और बढ़ेगी इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने कहा जल संरक्षण के लिए हम सबको मिलकर एक जन जागरण मुहिम चलानी पड़ेगी अन्यथा आने वाला समय जल क्रांति का होगा आज महानगरों में जहां पानी की समस्या उभरने लगी है आगे चलकर ग्रामीण अंचलों में भी यही हाल होगा कार्यक्रम के प्रारंभ में जनपद सीईओ अतुल कांत सक्सेना अभिमन्यु पांडे गजेंद्र सिंह भदोरिया आदि ने अपने-अपने विभागों में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों का विस्तार से वर्णन किया कार्य्रकम के अंत मे पूरे गांव में मंत्री भदौरिया के साथ गांव वालों ने कलश यात्रा निकाली जिसके जल को बाद में तालाब में प्रभाहीत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवरतन यादव ने किया एवं अंत में आभार प्रकट शिवराम सिंह सरवरिया ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री राजकुमार जैन गोकुल सिंह परमार राजेंद्र सिंह गुर्जर रमन सिंह भदोरिया कल्याण सिंह गुर्जर डॉक्टर कोक सिंह भदौरिया राजकिशोर भदौरिया बंटी त्यागी रोहित करैया सोनू भदोरिया भैया प्रताप भदौरिया महेश भदोरिया सत्य प्रकाश श्रीवास अरविंद जैन

# टप्पा तहसील मुरार के सुशासन शिविर में जनकल्याणकारी योजनाओं के लिये हितग्राहियों का उमड़ा जनसैलाब

### सुशासन शिविर गरीबों की जिन्दगी में खुशहाली ला रहा है -श्री गोयल

### शिविर में 2660 समस्याओं का मौके पर ही किया गया निराकरण





ग्वालियर- प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब हितग्राहियों को प्रदान करने के लिये आज 7 नं. चौराहा टप्पा तहसील मुरार पर वार्ड क्रं. 18, 19, 20, 25, 26, 27, 60 का सुशासन शिविर आयोजित किया गया । इस शिविर का शुभारंभ जिलाध्यक्ष श्री कमल माखीजानी एवं म.प्र. बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने किया। शिविर में प्रमुख रूप् से जिला उपाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र राणा, वरिष्ठ नेता श्री जितेन्द्र सिंह गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष श्री हरिओम झा, श्री उमेष भदौरिया, पूर्व पार्षद श्री बलवीर सिंह तोमर, श्री ब्रजेष गुप्ता, श्री जबर सिंह गुर्जर, श्री मनीष भिलवार, श्री रामप्रकाष बघेल, श्री बंटी गुर्जर, श्री सुरेन्द्र परमार चच्चू, श्री हरि सिंह यादव, श्री रेषु राजावत, श्री अजय गुप्ता, श्री दिनेष यादव, श्री जुगल गुर्जर, श्री जितेन्द्र कुषवाह, श्री इस्लाम खान, श्री भरत तिवारी, श्री अनिल वर्मा, श्री सन्जू परमार, श्री जोगेन्द्र यादव, श्री रवि धाक?, श्री रामकुमार शास्त्री, श्री महेष कौरव, श्री गिर्राज शर्मा, श्री राहुल गुर्जर, श्री दीपक मुद्गल आदि उपस्थित थे।

शिविर में आमजन को सम्बोधित करते हुए सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने सुषासन शिविर में आये हजारों हितग्राहियों को शुभकामनाऐं देते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की नीति पर काम करती है।

शिविर में म.प्र.बीज निगम के अध्यक्ष श्री मुन्नालाल गोयल ने कहा कि म.प्र. के मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान जी प्रदेश के गरीब सर्वहारा वर्ग की चिन्ता करते हैं। इसलिये प्रदेश में सुशासन शिविरों के माध्यम से गरीब वर्ग को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है इसी के चलते 16 ग्वालियर विधानसभा में लगाये गये तीन सुशासन शिविरों में गरीब हितग्राहियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक छत के नीचे प्रदान किया गया है । यह सुशासन शिविर गरीबों की जिन्दगी में बदलाव एवं खुशहाली लाने का काम करेंगे ।

सुशासन शिविर में मजदूरी कार्ड 1184, समग्र आईडी 10, कामकाजी महिला का 1115, खाद्यान्न पर्ची 56, समस्त प्रकार की जनकल्याणकारी पेंशन 96 कुल नगर निगम की 2461, आयुष्मान कार्ड 76, लोक सेवा प्रबंधन 110, राजस्व विभाग 23 जिसमें 7 का नया गण 16 से शेष, खाद्यान्न विभाग 6 इस प्रकार कुल समस्त विभागों के कुल 2676 आवेदन आये। जिसमें से 2660 का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा 16 शेष के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया।

शिविर में एस.डी.एम श्री अशोक चौहान, अपर आयुक्त श्री आर.के श्रीवास्तव, उपायुक्त डॉ. अतिबल सिंह यादव, तहसीलदार श्री कुलदीप दुबे, जेडओ श्री राजीव पाण्डे, जेडओ श्री अजय शर्मा, जेडओ श्री अमित गुप्ता सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर 4 से 7 अप्रैल तक ग्वालियर से दतिया की करेंगे पदयात्रा

**मार्ग में आने वाले शहर-गाँव में करेंगे विद्युत समस्याओं का निराकरण**

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 4 से 7 अप्रैल तक ग्वालियर से दतिया के बीच पदयात्रा करते हुए आने वाले नगरों, ग्रामों एवं मजरे टोलों में विद्युत उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं को सुनेंगे और निराकरण करायेंगे। पदयात्रा के दौरान आने वाले ब? नगरों में जन-चौपाल और शिकायत निवारण शिविर लगाये जायेंगे। गौरतलब है कि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इसके पूर्व भी कई पदयात्राएँ कर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण कराया है। पदयात्रा के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर 4 अप्रैल को सुबह 8 बजे से कोटेश्वर मंदिर ग्वालियर से पदयात्रा शुरू करते हुए घासमंडी चौराहा, किला गेट, हजीरा, प?ाव, सिंधिया कन्या विद्यालय, बसंत विहार, चेतकपुरी, झांसी रोड थाना, विक्की फेक्ट्री पहुँचेंगे। इसके पश्चात रीजेन्सी मैरिज गार्डन सखियाविलास झांसी रो? थाना आगमन एवं जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होंगे। मंत्री श्री तोमर शाम 5 बजे रीजेन्सी मैरिज गार्डन सखियाविलास झांसी रो? से प्रस्थान कर एम्पायर रिसोर्ट शाम 7 बजे पहुँचेंगे और जन चौपाल व जन समस्या निवारण शिविर में शामिल होंगे। मंत्री श्री तोमर रात्रि विश्राम करेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर यात्रा के दूसरे दिन 5 अप्रैल की सुबह 6 बजे एम्पायर रिसार्ट से होते हुए सुबह 10 बजे जुरासिक पार्क जौरासी में जन-चौपाल एवं शिकायत निवारण शिविर के आयोजन के बाद रात्रि 8 बजे टेकनपुर में होटल शीला में जन-चौपाल एवं शिकायत निवारण शिविर में उपभोक्ताओं की शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। पदयात्रा के तीसरे दिन 6 अप्रैल को डबरा में सुबह 10 बजे जलसा मैरिज गार्डन में एवं रात्रि 8 बजे गौराघाट के रंगला पंजाब में जन-चौपाल एवं शिकायत निवारण शिविर लगाया जाएगा। पदयात्रा के अंतिम और चौथे दिन 7 अप्रैल को गौराघाट से प्रस्थान करते हुए दतिया के ब्लू स्टार में जन-चौपाल एवं शिकायत निवारण शिविर होगा।

### विवाद से विश्वास योजना की अवधि 30 अप्रैल तक बढ़ी

ग्वालियर। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बिना सम्मति प्राप्त संचालित उद्योगों और संस्थानों के लिये लागू %विवाद से विश्वास% योजना की अवधि 30 अप्रैल, 2022 तक बढ़ा दी है। पूर्व में यह अवधि एक जनवरी से 31 मार्च, 2022 तक थी। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि ऐसे उद्योग, जिनके द्वारा कभी भी सम्मति नहीं ली गई है, उनको प्रथमत- स्थापना सम्मति प्राप्त करनी होगी। साथ ही जिन उद्योगों ने स्थापना और उत्पादन की सम्मति ली है, लेकिन उसका नवीनीकरण नहीं कराया है, वे भी उक्त योजना अवधि में आवेदन कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। एक जनवरी से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि में सम्मति आवेदन करने वाले उद्योगों पर पूर्व वर्षों की अवधि के लिये देय स्थापना/उत्पादन सम्मति की शुल्क दरें वर्तमान विनिधान राशि पर देय होंगी। विलंब शुल्क देय नहीं होगा।






## सीसी सड़क निर्माण के लिए विधायक डॉ.सिकरवार ओर गोयल ने किया भूमिपूजन






ग्वालियर। वार्ड 29 के अंतर्गत महलगांव में लगभग एक करोड़ से ऊपर की लागत से विभिन्न गलियो में बनने वाली सी सी रोड का निर्माण कार्य का भूमि पूजन मां. विधायक डॉ सतीश सिकरवार, बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, पूर्व पार्षद महताब कंसाना, अवधेश कौरव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेवरन सिंह कंसना ब्लॉक अध्यक्ष राकेश सिंह गुर्जर , कार्यकरी अध्यक्ष सत्यभान सिंह चौहान, देवेंद्र चौहान, महेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, राजीव शर्मा जी, विनोद शर्मा, विकाश शर्मा, तेजा शर्मा, अनूप श्रीवास्तव, स्माइलखान, पोप सिंह, पप्पू, अजय मेवाफरोश, पंकज यादव, रिंकू पाठक, कमलेश इन्दौरिया, गोपाल प्रसा, देवेंद्र शर्मा , अजय पाठक , अर्जुन कुशवाह , अवदेश साहू जी , रामराशंकर , सुभाष शर्मा ,दीपक अग्रवाल , अहमद खान जी, यूनस खान , रफीक खान जी, कक्का, हिमांशु, भूरे, वाशुदू, अन्नु यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने ली स्विमिंगपूल की सदस्यता



ग्वालियर- नगर निगम द्वारा संचालित तरण पुष्कर में ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने इस वर्ष भी पूरे सत्र की फीस जमा एवं पंजीयन राशि जमा कर खेल अधिकारी श्री सत्यपाल सिंह चौहान को फॉर्म सौपा और सदस्यता ग्रहण कर सुबह का प्रथम बैच जॉइन किया। सहायक नोडल अधिकारी श्री धर्मेन्द्र सोनी ने यह भी बताया कि माननीय सांसद जी विगत वर्ष 1991 से प्रति वर्ष नियमानुसार सदस्यता ग्रहण कर स्विमिंग का लुफ्त लेते आ रहे है और स्विमिंग सबसे अच्छे व्यायाम में मान्य की जाती हैं इसलिए सभी लोगों को स्विमिंग जॉइन जरूर करनी चाहिए। सांसद महोदय द्वारा सदस्यता ग्रहण करने के दौरान जिला उपाध्यक्ष श्री रामेश्वर भदौरिया एवं पूर्व एम आई सी सदस्य श्री धर्मेन्द्र राणा उपस्थित रहे।

## नवनियुक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष का स्टेशन पर किया जोरदार स्वागत



ग्वालियर । भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष श्री प्रतीक तिवारी का ग्वालियर नगर आगमन पर रविवार को रेलवे स्टेषन पर कार्यकर्ताओं ने भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी का जगह-जगह मंच बनाकर भव्य स्वागत किया गया एवं आतिशबाजी की गई।

इस अवसर पर स्टेषन पर स्वागत करने वालों में प्रदेष कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाष राजौरिया, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर भदौरिया, अशोक जादौन, दीपक शर्मा, महामंत्री राजू सेंगर, विनोद शर्मा, धर्मेंद्र सिंह तोमर, शैली शर्मा, महेश उमरैया, अनिल त्रिपाठी, श्यामानंद शुक्ला, विनय जैन, विवेक शर्मा, विपुल जैन, अरविंद रघुवंशी सहित ब?ी संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्वालियर मे रोटरी के 75 साल पूर्ण होने पर स्वच्छता रैली निकाली गई

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने दिखाई हरी झंडी

### नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई



ग्वालियर। ग्वालियर में रोटरी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है, 3 अप्रैल को प्रातः रोटरी के सभी क्लबों ने मिलकर स्वच्छता साईकिल रैली निकाली। इस अवसर पर शहर की अन्य संस्थाये भी सम्मिलत थी। वीरांगना लक्ष्मीबाई समाधि स्थल से साईकिल रैली शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई होटल सेंट्रल पार्क पहुंची वहां पर नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने उपस्थित शहरवासियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

## मंदिर के शिखर पर कलशारोहण होते ही जयकारों से मंदिर प्रागण गूंज भक्ति झूमे श्रद्धालु

### मुनिश्री के सानिध्य में मंदिर के शिखर पर कलशारोहण कर चढ़ाई अखंड ध्वजा

### शांतिनाथ जिनालय जैन मंदिर के शिखर पर कलशारोहण हुआ।



ग्वालियर-सिकंदर कंपू स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय जैन मंदिर के शिखर पर कलशारोहण व जैन अखंड ध्वजा आज रविवार को वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया। इससे पहले भगवान जिनेद्र का अभिषेक, विधान व विश्व शांति यज्ञ व अन्य धार्मिक क्रिया संपन्न कराई गई। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि प्रतिष्ठाचार्य संजय जैन मुरैना ने मंत्रो का उच्चारण कर सौधर्म इंद्र राजेश जैन, यज्ञनायक कोमलचंद जैन, कुबेर पीयूष जैन ग्वालियरी, सनत मनोज जैन व ईशान विजय जैन इंद्रा ने पीले वस्त्र धरण कर भगवान शांतिनाथ का कलशों से अभिषेक किया। मुनिश्री सपने मुख्यबिंद से भगवान की शांतिधारा मनोज जैन ने परिवार ने की।

**शिखर पर मंदिर पूर्णता का प्रतीक है-मुनिश्री विहर्ष सागर**

मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिखर पर मंदिर पूर्णता का प्रतीक है। यह शुभ कार्य बहुत ही उत्तम फल को देने वाला है एवं संसार मे यश ओर कीर्ति को ब?ाने वाला है। जहां मंदिर का निवास होता है वह पुण्य का संचार होता है। मंदिर में दानपुण्य आवश्यक करना चाहिए। मुनिश्री के चरणों मे अध्यक्ष कोमलचंद जैन, महामंत्री राजेश जैन, कोषाध्यक्ष इंद्रकुमार जैन, भाजपा ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी सकल जैन महापंचायत के अध्यक्ष पारस जैन, आर. के जैन, मुकेश जैन, कमलचंद जैन, धमेंद्र जैन, महेंद्र जैन आदि ने श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद लिया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478